# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 242 । भोपाल, शनिवार 2 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



बंदी की संदिग्ध मौत, अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा पृष्ठ 2
▪ कदम चांद पर लेकिन सोच वही दकियानूसी ▪ चांद पर 'शिवशक्ति पाइंट' : राजनीति का अंतरिक्ष पृष्ठ 4
▪ महिलाओं और बच्चियों को मिलेगी सुरक्षा पृष्ठ 6
आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की जाएगी पृष्ठ 8


### इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक में 14 सदस्यीय समन्वय समिति गठित

# जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम पर चुनाव लड़ने का ऐलान

### 30 सितम्बर तक लिया जाना है सीट बंटवारे पर फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के मकसद से बने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। 31 अगस्त और 1 सितम्बर को हुई इस बैठक में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस के चुनाव लड़ने के लिए जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम तय की गई है। शुक्रवार की बैठक में को-ऑर्डिनेशन कमेटी का ऐलान हुआ है, जिसमें 14 सदस्य होंगे। गठबंधन के लोगों और संयोजक का ऐलान अगली मीटिंग में किया जाएगा। जबकि सीट शेयरिंग पर फैसला 30 सितंबर तक लिया जाना है।

### 14 सदस्यीय कमेटी में 1 मुख्यमंत्री, एक उपमुख्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री

विपक्ष की कमेटी में 1 सीएम, 1 डिप्टी सीएम, दो पूर्व मुख्यमंत्री, 5 राज्यसभा और 2 लोकसभा सांसदों को जगह दी गई है। इसके अलावा लेफ्ट से दो नेताओं को कमेटी में शामिल किया गया है। कमेटी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव। जम्मू-कश्मीर से दो पूर्व मुख्यमंत्री- उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती हैं। पांच राज्यसभा सांसद हैं केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), संजय राउत (शिवसेना यूबीटी), शरद पवार (एनसीपी), राघव चड्ढा (आप) और जावेद अली खान (सपा)। लोकसभा के दो सांसद, ललन सिंह, अभिषेक बनर्जी, डी राजा और एक सदस्य सीपीआई (एम) से शामिल किया गया है। सीपीआई (एम) के सदस्य के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

सूत्रों ने बताया कि, विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक में तय हुआ है कि सीट आबंटन का फॉर्मूला राज्य स्तरीय स्थानीय गठबंधन द्वारा तय किया जाएगा। इसके साथ ही जिन सीटों पर गणित मेल नहीं खा रहा है, उन सीटों पर समन्वय समिति फैसला करेगी। वहीं सितंबर के दूसरे सप्ताह से देशभर में विभिन्न स्थानों पर प्रमुख कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां समन्वय समिति मुख्य रूप से गठबंधन बनाने के कार्यक्रम चलाएगी।




गठबंधन के लोगो पर सहमति नहीं बन पाई। इसलिए इसे तीसरी बैठक में लॉन्च नहीं किया गया। लोगो के 6 डिजाइन शॉर्ट लिस्ट हुए थे, जिनमें से एक सभी को पसंद आया, लेकिन इसमें कुछ बदलाव होने बाकी हैं। इस पर फैसला अगली मीटिंग में होगा। यह मीटिंग होटल ग्रैंड हयात में हुई। मीटिंग में प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जैसे-जैसे इंडिया मजबूत होगा तो उसके सदस्यों पर छापे और गिरफ्तारियां भी बढ़ेंगी। बैठक के पहले दिन 31 अगस्त को 28 दलों के नेता शामिल हुए थे। इन्होंने कहा था कि वे देश और संविधान को बचाने के लिए साथ आए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विपक्षी गठबंधन की बैठक में आज लोगो लॉन्च हो जाना था लेकिन मीटिंग के दौरान जो डिजाइन दिखाया गया, वह लेफ्ट पार्टी को पसंद नहीं आया। इसके साथ ही कुछ अन्य दलों ने भी डिजाइन में बदलाव के सुझाव दिए। इसी वजह से लोगो के अनावरण का कार्यक्रम टाल दिया गया। अब जब लोगो के डिजाइन में बदलाव कर दिए जाएंगे और इसपर सबकी सहमति होगी तब इसका अनावरण किया जाएगा।

> इंडिया का जीतना जरूरी है। गठबंधन को जिताने के लिए ही हम सब इस मंच पर बैठे हैं। हम हर राज्य की राजधानी में जाएंगे और मीटिंग करेंगे : मल्लिकार्जुन खड़गे
>
> देश की एकता व संप्रभुता को मजबूत करना ही समय की मांग है हम लोगों ने संकल्प लिया है कि मोदी को हटाकर ही दम लेंगे : लालू यादव


इंडिया गठबंधन की अगली बैठक के स्थल को लेकर एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि अगली बैठक दिल्ली में होगी। इस दौरान जब पत्रकार ने उनसे तारीखों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि आप इसे कब आयोजित करना चाहते हैं, हम इसे उन तारीखों पर आयोजित करेंगे।

### विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव : राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि हमने इस बैठक में हमने कुछ बड़े स्टेप लिए हैं जो भी पार्टी इस इंडिया में है वो भाजपा को हराने के लिए यहां है। इस मंच पर जो दल हैं वो देश की 60 फीसदी जनका की प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि अब सीट बंटवारे पर चर्चा होगी। विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव होगा। विकास में हम किसान गरीबों को साथ लेकर चलेंगे। केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के केंद में है और पीएम मोदी का एक कारोबारी के साथ गठजोड़ है जिसका नाम सब जानते हैं। इडिंया गठबंधन भाजपा और उसके भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा। मुझे विश्वास है कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हराएगा और यहां मौजूद सभी नेता मतभेद भुलाकर एकसाथ हुए हैं। चीन को लेकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैं लद्दाख गया था और पेंगोंग लेक भी गया था। लद्दाख में चीन ने कब्जा कर लिया है ये मैंने देखा है। लद्दाख का हर एक आदमी जानता है केंद्र सरकार क्या कर रही है। आगे कहा कि पीएम मोदी जी-20 करा रहे हैं भारत की इज्जत का मामला है अदाणी मामले पर पीएम को जांच करनी चाहिए नहीं कराएंगे तो देश को पता लग जाएगा कि क्यों नहीं करा रहे हैं। भाजपा भारत के गरीब लोंगों से धन छीनकर कुछ अमीर लोगों को देती है।

### एक देश एक चुनाव पर केंद्र का बड़ा कदम

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई समिति



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** एक देश-एक चुनाव के प्रपोजल पर कानूनी पहलुओं की जांच के लिए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक कमेटी बना दी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। इसका नोटिफिकेशन जल्द जारी हो सकता है। केंद्र सरकार ने 18 सितम्बर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार इस सेशन के दौरान एक देश एक चुनाव पर बिल ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव से जुड़े कानूनी पहलुओं पर गौर करने के साथ ही आम लोगों की राय भी लेगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को कोविंद से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। हालांकि, इस मुलाकात के बारे में दोनों की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

> प्रस्ताव से जुड़े कानूनी पहलुओं पर आम लोगों की ली जाएगी राय

सूत्रों के अनुसार एक देश एक चुनाव को लागू करने से केंद्र में बैठी सरकार के दल को फायदा संभव है। ऐसा हुआ तो जिस दल की केंद्र में सरकार है वो ही अन्य राज्यों में भी सरकार बना सकती है. इस परंपरा के शुरू होने से छोटे दलों को हो सकता है नुकसान। साथ ही इसके लागू होने के बाद चुनावी नतीजों में हो सकती है देरी। सबसे बड़ा सवाल ये है कि अगर अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही गिर जाए तो ऐसे में क्या किया जाएगा। सूत्रों का मानना है कि इसके लागू होने से संवैधानिक, राजनीतिक, ढांचागत चुनौतियां बढ़ेंगी। साथ ही साथ विधानसभा, लोकसभा का एक दिन का कार्यकाल बढ़ाने पर संवैधानिक संशोधन जरूरी होगा। राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल भंग होने पर संवैधानिक व्यवस्था करने का सवाल। विधानसभा का कार्यकाल घटाने या बढ़ाने पर सर्वसम्मति कैसे बना पाएगी सरकार, ये भी एक बड़ा सवाल है। सरकार को संवैधानिक संशोधन को पहले लोकसभा और बाद में राज्यसभा से पारित कराना होगा। इसे लागू कराने के लिए केंद्र सरकार को कम से कम 15 राज्यों की विधानसभाओं से इस प्रस्ताव को अनुमोदित कराना होगा।

### आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग की उल्टी गिनती शुरू

# सूरज का अध्ययन करेगी आदित्य एल-1 सैटेलाइट

**बेंगलुरु, एजेंसी।** इसरो का सूर्य मिशन आदित्य-एल-1 लॉन्चिंग के लिए तैयार है। लॉन्चिंग की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और अगर सब कुछ सही रहा तो शनिवार दो सितंबर को सुबह करीब 11.50 बजे आदित्य-एल-1 को लॉन्च कर दिया जाएगा। भारत के पहले सौर मिशन की लॉन्चिंग से पहले इसरो के वैज्ञानिकों ने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

इसरो के वैज्ञानिकों की एक टीम शुक्रवार को आदित्य-एल1 के एक छोटे मॉडल के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर मंदिर दर्शन करने पहुंचे। आदित्य-एल1 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस पोर्ट से लॉन्च किया जाएगा। इसरो के पहले सौर मिशन से पहले भारतीय अंतरिक्ष संगठन के चीफ एस सोमनाथ भगवान का आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंचे। एस सोमनाथ ने तिरुपति जिले के चेंगालम्मा परमेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की और मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आदित्य एल1 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और इसे कल सुबह करीब 11.50 बजे लॉन्च किया जाएगा। आदित्य एल-1 सैटेलाइट सूरज का अध्ययन करेगी। एल1 पॉइंट तक पहुंचने में इसे 125 दिन का समय लगेगा। यह एक अहम मिशन है। अभी तक हमने चंद्रयान-4 मिशन को लेकर फैसला नहीं किया है और जल्द ही इसका एलान किया जाएगा। आदित्य-एल1 के बाद हमारा अगला लॉन्च गगनयान होगा, जो अक्तूबर के पहले हफ्ते में होगा।

#### 4 महीने का लगेगा समय

आदित्य एल-1 को लैग्रेजियन पॉइंट 1 के होलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। यह पॉइंट पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है और यहां से बिना किसी परेशानी के सूरज पर नजर रखी जा सकती है। आदित्य एल1 को पृथ्वी और सूर्य के बीच मौजूद इस लैग्रेजियन पॉइंट पर पहुंचने में करीब चार महीने का वक्त लगेगा। सूरज की गतिविधियों के अंतरिक्ष के मौसम पर पड़ने वाले असर का भी अध्ययन किया जाएगा।

# मणिपुर में बीते 3 दिन में 8 और मौतें

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर एक बार फिर सुलग उठा है। चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर पर बफर जोन में 29 अगस्त से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। पिछले तीन दिन में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आदिवासी संगठन आईटीएलएफ ने चुराचांदपुर में बंद का ऐलान किया है। आर्मी का कहना है कि महिला संगठन उन्हें हिंसाग्रस्त इलाकों में आगे जाने नहीं दे रहे हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावितों तक भोजन, दवाएं और बुनियादी सामान पहुंचाने का निर्देश दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सरकार से अलग-अलग संगठनों की नाकेबंदी से खुद निपटने को कहा। साथ ही ऑप्शन के तौर पर प्रभावित इलाकों में राशन की एयर ड्रॉपिंग की सलाह दी। मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।

> चुराचांदपुर में बंद का किया ऐलान

#### पिछले दिनों भड़की हिंसा में कुकी गायक की मौत

खोइरनटक, चिंगपेई, खोशुबंग और नारायनसेना में मैतेई और कुकी हमलावरों के बीच गुरुवार को हिंसक झड़प हुई। इस दौरान मोर्टार हमलों और फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मणिपुर के चर्चित कुकी गायक मंगबोई लुंगडिम भी हैं, जिन्होंने मई में हिंसा भड़कने के बाद 'आई गम हिलौ हैम' (क्या यह हमारी भूमि नहीं) गीत लिखा और गाया था। हिंसाग्रस्त चुराचांदपुर और बिष्णुपुर में आर्मी को तैनात किया गया है। अभी यहां के बफर जोन में सीआरपीएफ और असम राइफल्स तैनात थी।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला : अवैध शादी में जन्मी संतान वैध

- माता-पिता की अर्जित-पैतृक संपत्ति पर अधिकार
- ऐसे मामलों में बेटियां भी हकदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी अवैध शादी से जन्मी संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक प्रॉपर्टी में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी प्रॉपर्टी में बराबर की हकदार होंगी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अवैध शादी से जन्मे बच्चे वैध होते हैं। माता-पिता की संपत्ति पर उनका उतना ही अधिकार है, जितना की वैध शादी में दंपती के बच्चे का होता है।

#### संयुक्त हिंदू परिवार पर ही लागू होगा कोर्ट का फैसला

हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 के तहत किसी शादी को दो आधार पर अमान्य माना जाता है- एक शादी के दिन से ही और दूसरा जिसे अदालत डिक्री देकर अमान्य घोषित कर दे। हिंदू सक्सेशन लॉ के आधार पर अमान्य शादियों में जन्मी संतान माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकते हैं।



हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि उनका यह फैसला केवल हिंदू मिताक्षरा कानून के तहत ज्वाइंट हिंदू फैमिली की संपत्तियों पर ही लागू होगा। बता दें कि अगर कोई शादीशुदा व्यक्ति अपने पति या पत्नी के जिंदा रहते, बिना तलाक के दूसरी शादी करता है तो ऐसी शादी को शून्य माना जाता है। वहीं जिस विवाह में किसी एक पक्ष द्वारा इसे रद्द करने का अनुरोध किया गया हो तो उसे शून्यकरणीय विवाह कहते हैं। शून्य विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 11 के तहत निपटाया जाता है। वहीं शून्यकरणीय विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 12 के तहत निपटाया जाता है।

#### साल 2011 की याचिका पर आया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 2011 में दायर एक याचिका पर सुनाया, जिसमें हिंदू विवाह अधिनियम, धारा 16(3) को चुनौती दी गई थी। इस एक्ट के तहत अवैध शादी से पैदा हुए बच्चे केवल अपने माता-पिता की संपत्ति के हकदार हैं। माता-पिता की पैतृक का किसी दूसरी संपत्ति पर उनका अधिकार नहीं होता।


34 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
A NAAC

M.Sc. ADMISSION NOTICE 2023-24
Master of Science - 2 Years

We are a Research-intensive, Multi-disciplinary University that values high-quality teaching in a milieu of globally competitive, high-end research. The University is proud to announce industry oriented M.Sc. programs for the academic session 2023-24.

Our M.Sc. programs offer a unique blend of theoretical knowledge and practical skills, preparing students to excel in their chosen fields and contribute meaningfully to the scientific community.

PROGRAMS OFFERED:
M.Sc. Biotechnology | M.Sc. Data Science
M.Sc. Bioinformatics | M.Sc. Geo-informatics
M.Sc. Biomedical Science | M.Sc. Intellectual Property Rights
M.Sc. Blockchain Technology | M.Sc. Mathematics
M.Sc. Clinical Research | M.Sc. Medical Physics
M.Sc. Cyber Security | M.Sc. Microbiology



Each program has 20 seats available, ensuring a personalized learning experience and fostering close relationships between students and faculty members.
Admission on the basis of CUET-PG 2023 / Academic Merit

Why to choose Shobhit University for M.Sc. Programs

Interdisciplinary Research Thrust Areas
We are committed to advancing interdisciplinary research across various domains. Our research areas encompass molecular target identification, immunology, nanomedicine, mushroom technology, anti-microbial studies of phytochemicals, and more. We foster collaboration between faculty and students to create impactful projects.

Recognitions and Accreditations
Acknowledged as a Scientific and Industrial Research Organization (SIRO) by the Min. of Science and Technology, Govt of India, Shobhit University stands as a recognized institution in the field. This recognition underscores our dedication to scientific and industrial research.

Seed Money for Research and Consultancy Work
We empower our faculty and students to drive research and consultancy initiatives by offering seed funding and incentives. This approach not only supports faculty research endeavors but also fuels the generation of novel knowledge and innovations.

Industry-Oriented Programs
In alignment with our commitment to producing graduates well-prepared for the professional world, our programs are designed with a strong industry orientation. By incorporating real-world case studies, practical projects, and industry collaborations, we ensure that our students acquire the skills and knowledge needed to excel in their chosen fields.

Spot Admission Counseling [02nd - 15th Sept 2023; Time: 10am - 4pm; Venue: Outreach Cell, University Campus]

Documents Required for Counseling
- Original High School, Intermediate, Graduation marksheets, and degree certificate with one self attested copy of each.
- Valid Identity proof with one self attested copy.
- Three Passport size photographs.

To apply online visit: admission.shobhituniversity.ac.in

Important Note:
- Please ensure that the Admission Application Form is filled in offline/ online mode before attending the counseling.
- To confirm Admission, an amount of Rs.10000/- shall be deposited through Cash/Online/Demand Draft on allotment of seat, which shall be adjusted in the academic fee.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University]
Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in
8755087739 / 9870265521
SCAN TO APPLY

## सार समाचार

### बैंक कर्मचारी की शाखा के आगे खड़ी मोटरसाईकिल चोरी

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत एक्सिस बैंक के आगे बैंक के ही एक कर्मचारी की मोटर सायकिल अज्ञात चोर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम पुत्र महेश रघुवंशी निवासी शाढ़ौरा हाल निवासी राधा कॉलोनी गत दिवस सुबह एक्सिस बैंक शाखा के बाहर मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 67 एमए 9172 को खड़ी करके अंदर ड्यूटी करने चला गया। एक घंटे बाद जब वह बाहर आया तो उसकी मोटर सायकिल गायब थी। कोई अज्ञात चोर उसकी गाड़ी चोरी करके ले गया।

### काम नहीं करने पर पति और सास ने बहू से की मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम बनियानी कुडका में एक महिला के साथ उसके ही पति और सास ने काम नहीं करने पर मारपीट कर दी। इस दौरान राखी बंधवाने पहुंचे भाईयों ने अपनी बहन को बचाया और थाने पहुंचकर शिकायत की। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया रेखाबाई पत्नी महेन्द्र गुर्जर ने बताया कि गुरुवार को जब उसके भाई राखी बंधवाने आए थे तभी उसका पति महेन्द्र एवं सास भंवरबाई ने काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौंच कर मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर पति और सास पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### 2 दर्जन खेतों से हजारों फीट केबल चोरी

**गुना, देशबन्धु।** फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम जौहरी में दो दर्जन से अधिक खेतों में से हजारों फुट ट्यूवबैल की केवल चोर चोरी कर ले गए। लगभग 22 किसानों की 3 हजार फीट केबल चोरी गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने फतेहगढ़ थाने में आवेदन देकर शिकायत की है। वहीं पुलिस ने भी अज्ञात चोर पर प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जौहरी निवासी अमरसिंह धाकड़, पर्वतसिंह धाकड़, गिर्राज धाकड़, प्रेमनारायण धाकड़, महेश धाकड़, बाबूलाल धाकड़, रामचरण धाकड़, हरिचरण धाकड़, कान्हा धाकड़, ब्रजमोहन धाकड़, राधेकिशन धाकड़, मुरारी धाकड़, पारस धाकड़, आत्माराम धाकड़, केशरी धाकड़, मानसिंह धाकड़, खेरा धाकड़, हजारी धाकड़, रामरतन धाकड़, विष्णु धाकड़, लाखन धाकड़, सुरेश धाकड़ आदि के खेतों में ट्यूवबैल में डली केवल अज्ञात चोर चुरा कर ले गए।

### धार्मिक स्थल सहित सूने घर में लगाई सेंध

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ थानांतर्गत एक धार्मिक स्थल सहित एक सूने घर में चोरों ने सेंधमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामभोला दरगाह धीरपुर राघौगढ़ में गत दिवस कोई अज्ञात व्यक्ति यहां लगे टीनशेड मय लोहे के एंगल एवं पाईपों को काट कर ले गया। दरगाह के लोहे के पाईप हरे रंगे में एवं चादर काले रंग में रंगी थीं। जिसे कोई अज्ञात चोर काट कर ले गया। जिनकी कीमत करीब 45 हजार रुपए है। पुलिस ने दरगाह सेवक फरियादी अशरफ खान की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है। इसके अलावा क्षेत्रपाल मोहल्ला निवासी एक महिला के सूने घर में चोरों ने सेंधमारी कर फ्रिज, एलईडी टीवी सहित अन्य गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से कर्मचारी की मौत

# कार ने मोटरसाईकिल सवार युवकों को मारी टक्कर, 1 की मौत

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत आनंदपुर से आरोन आ रहे दो मोटर सायकिल सवार युवकों को अज्ञात कार ने रौंद दिया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इमलिया निवासी शिशुपाल पिता देवसिंह अहिरवार एवं संजीव पिता करण सिंह अहिरवार निवासी आनंदपुर मोटर सायकिल से आरोन आ रहे थे। इस दौरान संजीव मोटरसाईकिल चला रहा था। जैसे ही वह सुनगयाई रोड के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही अज्ञात कार के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनमें टक्कर मार दी। जिसके बाद कार चालक सिरोंज की ओर भाग गया। पीछे आ रहे उनके परिचित कुबेर ने बस में रखकर आरोन अस्पताल भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने संजीव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इधर चांचौड़ा थानांतर्गत टोडी रोड बायपास ओवर ब्रिज के ऊपर फायनेंस कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू पुत्र गुलाबसिंह मीना निवासी फादलपुर थाना राघौगढ़ कोटक महिन्द्रा फायनेंस कंपनी में काम करता था। राजू गुरुवार शाम को झोरदा पैंची तरफ अपनी बाईक से ट्रेक्टर की किश्त लेने जा रहा था। तभी टोडी बायपास ओवर ब्रिज के ऊपर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें राजू मीना की मौत हो गई।

### ईदगाहबाड़ी में चल रहे जुए के फड से 3 गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत ईदगाहबाड़ी हनुमान मंदिर के पास एक चबूतरे पर चल रहे जुए के फड से पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गढ्डी सहित 4550 रुपए नगदी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ईदगाहबाड़ी हनुमान मंदिर के पास बने मकान के चबूतरे पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर शुभम उर्फ गोलू लोधा पुत्र सुंदरलाल लोधा निवासी मिट्ठू की बाड़ी पठार मोहल्ला, गिर्राज लोधा पुत्र किशोरलाल लोधा निवासी पेट्रोल पंप के पास सकतपुर, पंकज लोधा पुत्र गजराज लोधा निवासी पठार मोहल्ला को गिरफ्तार किया। जिन पर पुलिस ने 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**जुआ खेलते हुए 4 गिरफ्तार :** वहीं जिले की आरोन पुलिस द्वारा वंशकार मोहल्ले में चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर चार जुआरियों का दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि पुरानी पानी की टंकी के पास वंशकार मोहल्ले में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे विशाल पुत्र रामवीर वाल्मिकी निवासी कुम्हार मोहल्ला, छोटू पुत्र बबलू वाल्मिकी निवासी बस स्टेंड, धर्मेन्द्र पुत्र सरवन अहिरवार निवासी बस स्टेंड के पीछे, शाहरूख पुत्र फैय्याद खान निवासी किला मोहल्ला आरोन को पकड़ा। जिनके पास से ताश की गड्डी एवं 3500 रुपए नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सीने में दर्द के बाद उसे जेल प्रबंधन अस्पताल लाया था

# जेल बंदी की संदिग्ध मौत, अस्पताल लाते समय तोड़ा दम



**गुना, देशबन्धु।** जिला जेल में एक कैदी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। सीने में दर्द होने के बाद कैदी को अस्पताल लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। इधर मृतक के परिजनों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनके मुताबिक दो दिन पहले रक्षाबंधन तक कैदी पूर्ण रूप से स्वस्थ्य था। फिर अचानक मौत होना, समझ से परे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुरा निवासी भूरा पुत्र नाथूलाल कंजर (47) एक मामले में पिछले दो महिने से जिला जेल में बंद था। जहां बीती रात उसकी संदिग्ध मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार रात को सीने में दर्द के बाद उसे जेल प्रबंधन द्वारा अस्पताल लाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। जेल प्रबंधन ने सुबह परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन भी अस्पताल में एकत्रित हो गए। परिजनों की माने तो रक्षाबंधन वाले दिन भूरा कंजर की बहने उसे जेल में राखी बांधने पहुंची थी। तब भूरा पूरी तरह स्वस्थ्य व ठीक था। ऐसे में अचानक उसकी मौत से परिजन भी हैरान हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग की कायमी कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश हुए हैं।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक करने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पदयात्रा पर निकले प्रदीप



**गुना, देशबन्धु।** देश में बढ़ते प्रदूषण और भ्रष्टाचार के खिलाफ देशवासियों को जागरूक करने आरोन तहसील के ग्राम हापाखेड़ी निवासी एक युवक कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल यात्रा पर निकला है। पदयात्री दिलीप यादव ने अपनी इस यात्रा को भारत बचाओ अभियान नाम दिया है। लगभग चार महीने की यह यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल रहेगी। शुक्रवार को गुना पहुंचे प्रदीप का जयस्तंभ चौराहे पर विधायक गोपीलाल जाटव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर दिलीप यादव ने यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस दौर में भारत में भ्रष्टाचार और प्रदूषण चरम पर है। प्रदूषण और भ्रष्टाचार के चलते ही हमारा देश पीछे जा रहा है। कोरोना काल में जब ऑक्सीजन की कमी मैंने देखी तभी से मैंने प्रण लिया था कि प्रदूषण और भ्रष्टाचार के खिलाफ देशवासियों को जागरूक करने पदयात्रा पर जाऊंगा।

## पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**गुना, देशबन्धु।** पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। त्यौहार की खुमारी उतरने के बाद एक बार फिर पटवारी संघ के बैनरतले पटवारी तहसील परिसर में धरने पर बैठे। उल्लेखनीय है कि पहले शासकीय ग्रुप से लेफ्ट होने, फिर सामूहिक अवकाश लेने के बाद अब पटवारी पिछले पांच दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को हड़ताली पटवारियों ने धरना स्थल पर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। पटवारियों की मांग है कि उनका पे ग्रेड वेतनमान 2100 से बढ़ाकर 2800 किया जाएं, 10 साल की अवधि पूर्ण होने पर समयमान वेतन दिया जाएं, यात्रा, स्टेशनरी, अतिरिक्त हल्के का भत्ता बढ़ाया जाएं।

**अधीक्षण यंत्री की सेवानिवृत्ति के बाद नहीं मिला किसी को प्रभार, अटकी वेतन :** जल संसाधन मंडल गुना से अधीक्षण यंत्री आरबी सिंह को सेवानिवृत्त हुए एक माह से अधिक समय हो गया है। लेकिन शासन द्वारा जल संसाधन विभाग में आज दिनांक तक किसी भी अधिकारी की पद स्थापना या मंडल कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार किसी वरिष्ठ अधिकारी को नहीं दिया गया है। ऐसे में मंडल कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों को माह अगस्त 23 का वेतन भुगतान नहीं हो सका है। पद स्थापना ना होने से मंडल कार्यालय के आहरण एवं संवितरण अधिकार किसी भी अधिकारी को नहीं दिए गए हैं। रक्षाबंधन पर्व पर भी कर्मचारियों के वेतन भुगतान न होने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त रहा। इस संबंध में इस कार्यालय के द्वारा पत्र 10, 21 एवं 24 अगस्त द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से पद स्थापना हेतु मांग की गई। लेकिन इस संबंध में आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पद स्थापना ना होने मंडलाधीन न्यायालयीन प्रकरण, अपीलीय सुनवाई, सूचना का अधिकार संबंधी विभिन्न सुनवाईयां एवं निविदा आमंत्रण का अनुमोदन एवं क्षेत्र की महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति नहीं हो पा रही है। जिससे जनहित के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### कस्तूरबा कॉलेज में हुआ जी-20 युवा मंथन कार्यक्रम



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में ईको क्लब की गतिविधि के अंतर्गत जी-20 युवा मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जी-20 की थीम 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर छात्राओं के विचार व सुझावों को मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सररस्वती की पूजन व माल्यार्पण द्वारा किया गया। वहीं छात्राओं की पूजन व माल्यार्पण द्वारा किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन किया। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य विनीता जैन विषय प्रवर्तन किया। उन्होंने जी-20 देशों के पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर संवेदनशीलता की बात साझा की। प्रीति यादव, पूनम पारीक ने भी बदलते वैश्विक परिवेश में पर्यावरणीय असंतुलन व धरती पर मानव जीवन के अस्तित्व को दिन प्रतिदिन बढ़ते प्रदूषण व तापमान में होने वाली वृद्धि से जो नुकसान हो सकता है इसके बारे में छात्राओं को अवगत कराया। प्रीति यादव ने छात्राओं को मंच पर अपने विचार कैसे प्रभावशील तरीके से रखे जाएँ इस पर मार्गदर्शन दिया। इसके पंश्चात जी-20 देशों के झण्डों से सुसज्जित मंच पर महाविद्यालय की छात्राओं ने, वैश्विक, पर्यावरणीय आर्थिक, सामाजिक मुद्दों व महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने मौलिक विचार समस्त शिक्षणगणों व सहपाठियों के समक्ष प्रस्तुत किए। सर्वश्रेष्ठ 20 छात्राओं को उनके सराहनीय प्रदर्शन व प्रतिभागिता के लिए प्राचार्य के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस जी-20 युवा मंथन कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्राओं में मानव जीवन, वन्यजीव जंतु व प्राणी, पेड़ पौधे व सूक्ष्य जीवों के संरक्षण व, संवर्धन व सामांजस्य के महत्व पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम के समापन पर पूनम पारीक द्वारा आभार प्रदर्शन व्यक्त किया। वहीं प्रतिभागी छात्राओं को दिवाकर तिवारी एवं प्रशांत आर्य द्वारा पेन वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति सोनी द्वारा किया गया।

## सर्वोत्तम कृषक और कृषक समूह के लिए 8 तक कर सकेंगे

**शिवपुरी, देशबन्धु।** कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2022-23 के लिए सर्वोत्तम कृषक समूह, सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में इसकी प्रविष्टियां पूर्ण कर सभी आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन विकासखण्ड स्तर पर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय में अब 8 सितम्बर तक प्रस्तुत कर सकते है।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास के परियोजना संचालक (आत्मा) ने बताया कि जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार की राशि 25 हजार, विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार राशि 10 हजार रुपए, जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार राशि 20 हजार रुपए दी जाएगी। जिले के ऐसे उन्नतशील कृषक जिनके द्वारा वैज्ञानिक तरीके से नवीन कृषि तकनीक अपनाकर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा कृषि अभियांत्रिकी में सर्वोत्तम उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है।

वे कृषक इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र का प्रारूप विकासखण्ड स्तर पर संबंधित कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते है। ध्यान रहे ऐसे कृषक अथवा समूह जिनका गत वर्षों में चयन हुआ है, आगामी 10 वर्षों तक उनको पुरस्कार हेतु शामिल नहीं किया जा सकेगा। जिससे अन्य कृषकों/कृषक समूहों को तकनीकी अंगीकरण हेतु प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

### 3 आदतन अपराधी जिलाबदर

**शिवपुरी, देशबन्धु।** जिला प्रशासन द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही की कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिले के 3 आदतन अपराधियों को जिलाबदर घोषित कर शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिलों की सीमा से 6 माह के लिए निष्कासित किया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जारी आदेशानुसार आदतन अपराधी मनप्रीत पुत्र जौरा उर्फ जुगराज सिंह सिक्ख निवासी ग्राम पारागढ़ हाल निवासी संतफार्म कोलारस, बृजेश पुत्र इन्द्रसेन यादव निवासी ग्राम ऐजवारा थाना इंदार एवं संजीव लोधी पुत्र हजरत लोधी निवासी सिरसौना थाना करैरा हाल नगर पालिका के पीछे, थाना पिछोर को जिला बदर घोषित कर शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिले श्योपुर, ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, मुरैना व दतिया जिले की सीमा से छह माह के लिए निष्कासित किया गया है।

### नसबंदी शिविर 4 को शिवपुरी, बदरवास व पिछोर में

**शिवपुरी, देशबन्धु।** पुरूष एवं महिला नसबंदी को बढ़ावा देने एवं नसबंदी ऑपरेशन की सामुदायिक आवश्यकता की प्रतिपूर्ति हेतु नसबंदी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 4 सितम्बर तक जिला चिकित्सालय सहित जिले के संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किए जाएगें। जिसमें 4 सितम्बर को शिवपुरी, बदरवास एवं पिछोर में नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की दी जा रही आवासीय सुविधा

**शिवपुरी, देशबन्धु।** पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर संस्थान में शिक्षा दिलाए जाने के मकसद से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## आतिशबाजी कर जताई खुशी



**आष्टा, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 9 कसाईपुरा चौराहे पर समाजसेवी शेख अश्फाक द्वारा एक स्वागत कार्यक्रम रखा गया। अतिथियों के स्वागत में ढोल ढमाकों के साथ आतिशबाजी करते हुए मंसूरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष इदरीस मंसूरी जिलाध्यक्ष जहूर मंसूरी का अभिनंदन हुआ। कार्यक्रम में रऊफ खान, लाला मोहम्मद सादिक, नफीस भाई, इमरान खान डीलक्स, याकूब अंसारी, शाहिद कुरैशी, गुफरान सिद्दीकी, शरीफ मिर्जा, इसराईल मंसूरी, हबीब खान, सुल्तान शेख सुल्तान कुरैशी, नौशे खान आदि द्वारा आदि द्वारा ढोल धम को और आतिशबाजियों के साथ साफा बांधकर पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

## इदरीस और जहूर का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** विगत दिनों ऑल इंडिया मंसूरी समाज संगठन के महत्वपूर्ण संस्था की कार्यकारिणी घोषित हुई। इस कार्यकारणी में पूर्व पार्षद इदरीस मंसूरी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि पत्रकार जहूर मंसूरी को जिला सीहोर इकाई का मंसूरी समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। एक कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस नेता बाल बहादुर सिंह ठाकुर, डॉ मीना सिंधी, विनीत सिंघी, सौभाल सिंह मुगली, सौभाल सिंह ठाकुर बागैर, पूर्व सरपंच ठाकुर प्रसाद वर्मा एवं सेठी प्रतिष्ठान पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां सुनील सेठी, राहुल जाट, ठाकुर प्रसाद ठाकुर, रईस मंसूरी, राशिद नेताजी, अभिजीत ठाकुर ने उनका स्वागत किया।



### पति-पत्नी सहित आधा दर्जन गिरफ्तार

# सेक्स रैकेट चलाने वाला गिरोह पकड़ाया

*गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शहर में सक्रिय सेक्स रैकेट का पर्दाफाश करते हुए पति-पत्नी सहित आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह की महिला सदस्य द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों से दोस्ती कर और फिर सेक्स वीडियो बनाकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लोगों को ब्लैकमेल किया जाता है। गिरोह द्वारा हाल ही में शहर के एक कपड़ा व्यवसायी को अपने जाल में फंसाकर 3 लाख रुपये की मांग की गई थी।*



*प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को शहर के एक कपड़ा व्यवसायी द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट करते हुए बताया गया था कि 15 जुलाई के आसपास उसको फेसबुक मेसेंजर पर एक महिला का कॉल आया। जिसने खुद को गुना की निवासी बताते हुए और अपनी कुछ परेशानियां बताकर 3 हजार रुपये की मदद करने की मांग की गई। उसके द्वारा दयाभाव रखते हुए उस महिला से मिलकर उसे 3 हजार रुपये नकद दिए गए थे। इसके 5-6 दिन बाद उसे उक्त महिला का फिर से कॉल आया और अपनी तबियत खराब होने का बोलकर दवाई के लिए पैसों की मांग की मानवतावश उसने उसे पच्चीस सौ रुपये उसे दवाई के लिए दे दिए। इस दौरान महिला द्वारा 1 अगस्त को अपनी किटी खुलने पर पैसे ब्याज सहित लौटाने का भी बोला गया था। जब 1 अगस्त को उसने महिला से अपने पैसे वापस मांगे गए तो उसके द्वारा बोला गया कि उसकी किटी पार्टी की एक सदस्य की मौत हो जाने के कारण पैसे बाद में मिल पाएंगे। इसके बाद 5 अगस्त को महिला का उसे फिर से कॉल आया और बोला कि उसकी तबियत खराब होने से वह पैसे देने नही आ सकती और पैसे लेने के लिए उसे कस्तूरबा नगर में अपनी सहेली के घर जाने के लिए बोला। जिस पर वह पैसे लेने के लिए कस्तूरबानगर पहुंचा। जहां उक्त महिला भी उसे मिली और मकान के पोर्च में बैठाकर चाय पिलाई चाय पीने के बाद उसका सिर चकराने लगा तो महिला द्वारा उससे अंदर कमरे में जाकर लेटने के लिए बोला तो वह कमरे में जाकर बैठ गया। इस दौरान महिला द्वारा उसके साथ अश्लील हरकतें कर संबंध बनाए गए। इसके बाद वह वापस अपने घर आ गया था। 22 अगस्त को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके कॉल कर बोला गया कि उसके पास मेरी अश्लील वीडियो है और फिर उस वीडियो को उस व्यक्ति द्वारा उसके व्हाट्सएप पर भेज दी। जिसे उसने थोड़ा ही देख पाया और फिर सेंडर द्वारा वीडियो को डिलीट कर दिया। इसके एक-दो घंटे बाद महिला द्वारा उसे फोन कर बोला गया कि किसी ने अपनी वीडियो बना ली और जो वीडियो डिलीट करने के बदले पैसों की मांग कर रहा है, पैसे तुम्हे देने पड़ेंगे। इसके बाद महिला और अज्ञात व्यक्ति द्वारा उससे कई बार पैसों की मांग की गई और वीडियो डिलीट करने के बदले 3 लाख रुपये देने का दबाव बनाया। पैसे न देने पर वीडियो वायरल कर बदनाम करने, केस दर्ज करवाने एवं बर्वाद करने की धमकी दी गई। जिसकी रिपोर्ट पर से गुना कोतवाली में उक्त महिला आरोपिया सहित अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 385, 420, 201, 120बी भादवि इजाफा धारा 328 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।*

*इस मामले में पुलिस ने आरोपीगण देवेन्द्र पुत्र प्रीतम सिंह जादौन निवासीगण भगत सिंह कॉलोनी, अमित कुचबंधिया पुत्र खिल्लू गौड निवासी राधा कॉलोनी, आशीष सेन पुत्र नरेन्द्र सेन निवासी चौधरन कॉलोनी, चंद्रमोहन उर्फ चंदू पुत्र शिवचरण ओझा निवासी श्रीराम कॉलोनी, श्याम सोनी निवासी सदर बाजार एवं 6-गिरोह की महिला सदस्य आरोपिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। आरोपियों के कब्जे से 4 मोबाइल, एक पेनड्राइव, एक वाईफाई, एक हिडन कैमरा एवं एक मेमोरी कार्ड जप्त किया गया है। गिरफ्तारशुदा आरोपियों द्वारा पूछताछ पर सेक्स रैकेट चलाना स्वीकार करते हुए बताया कि उनके गिरोह की महिला सदस्य के माध्यम से सोशल मीडिया पर लोगों से दोस्ती कर उन्हें अपने जाल में फंसाते हैं और उन्हें अपने पते पर बुलाकर नशे की गोलियां खिलाकर उनके साथ संबंध बनाते हुए कमरे में लगे बल्व के होल्डर में लगाए गए हिडन कैमरा से वीडियो बनाकर, वीडियो डिलीट करने के बदले में लोगों को ब्लैकमेल करते थे।*

# फिर सक्रिय होगा मानसून

## गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

**भोपाल, देशबन्धु।** वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर मौसमी सिस्टम सक्रिय होने लगे हैं। बंगाल की खाड़ी में भी तीन सितंबर को हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बनने जा रहा है, जो चार सितंबर को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित हो सकता है। उसके प्रभाव से चार सितंबर से मध्य प्रदेश में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला शुरू होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि मानसून द्रोणिका के दोनों छोर वर्तमान में हिमालय की तलहटी में बने हुए हैं। इस वजह से मानसून शिथिल बना हुआ है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे बिहार पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। तीन सितंबर को उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में भी एक चक्रवात बनने जा रहा है। अगले दिन इसके कम दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। इसके असर से चार सितंबर से पूर्वी मप्र एवं उससे लगे पश्चिमी मप्र के जिलों में बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है। रुक-रुककर बारिश का दौर चार-पांच दिन तक बना रह सकता है। उधर, पिछले 24 घंटों के दौरान सागर में 33.2, भोपाल शहर में 2.1, नर्मदापुरम में 0.3 मिलीमीटर वर्षा हुई।

### राजधानी के आसपास के 10 जिलों में सूखे के आसार


प्रदेश के 25 जिलों में सामान्य से 20 से लेकर 45 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई है। मानसून की बेरूखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कम बारिश के कारण राजधानी भोपाल के आसपास के 10 जिलों विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, राजगढ़, गुना, अशोकनगर व सागर में सूखे के आसार नजर आ रहे हैं। इन जिलों में औसत से करीब 40 फीसद कम वर्षा हुई है। इसका असर खरीफ फसलों पर पड़ रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 30 फीसद फसल खराब होने की आशंका है।

# कम दाम में तेल बेंचने का झांसा देकर 21 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

## मलेशिया भागने की तैयारी में था जालसाज, चैन्नई विमानतल से पकड़ा गया

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल की क्राइम ब्रांच पुलिस ने 21 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को तमिलनाडु के चैन्नई विमानतल से गिरफ्तार किया है। आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह मलेशिया भागने की फिराक में था। दरअसल पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटस जारी कर रखा था। इसी आधार पर उसकी गिरफ्तारी की जा सकी है।

एडिशनल डीसीपी शेलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि राजधानी के तेल कारोबारी जगदीश वसंतानी ने 26 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि आठ जून 2022 को तुम्माला साईं कृपा ट्रेडर्स के संचालक साईनाथ पुत्र सत्यसाई से तेल खरीदने का सौदा हुआ था। साईनाथ ने उसे बताया था, कि रुपयों की जरूरत के कारण वह दो रुपये प्रति लीटर की की छूट के साथ तेल का कंटेनर बेचना चाहता है। सहमति बनने पर जगदीश ने साईनाथ को 21 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। लेकिन रुपये लेने के बाद साईनाथ ने तेल की आपूर्ति नहीं की और गायब हो गया था। शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पता चला कि शातिर आरोपी ने धोखाधड़ी करने के लिए तेल बेंचने के दस्तावेज अपनी नासमझ पुत्री के नाम से तैयार करवाए थे। इस काम में उसकी पत्नी और उसके एक दोस्त ने भी मदद की थी। साईनाथ के विदेश भागने की आशंका होने पर क्राइम ब्रांच ने उसका लुक आउट नोटिस जारी करवाया था।



श्री चौहान ने बताया कि दो दिन पहले वह तमिलनाडु के चैन्नई विमानतल पहुंचा था। चूंकि उसके खिलाफ पहले ही लुक आउट नोटिस जारी था, लिहाजा वहां की सुरक्षा एजेंसी ने उसे पकड़कर क्राइम ब्रांच को सूचना दे दी। क्राइम ब्रांच की एक टीम ने चैन्नई विमानतल पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे लेकर भोपाल पहुंच गई। मूलतः 404, रायल रेसीडेंसी एमआरपुरम विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश निवासी 55 वर्षीय साईनाथ 12 वीं पास है। पूछताछ में पता चला कि वह कुआलालंपुर ( मलेशिया) से होते हुये बाली इंडोनेशिया भागने की तैयारी मे था। इस मामले में आरोपी की पत्नी और उसका दोस्त फिलहाल फरार है।

# 10वीं के छात्र का अपहरण कर पीटते हुए बनाया वीडियो

## शराब के लिए पैसा न देने से नाराज थे आरोपी

**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या नगर इलाके में दो बदमाशों ने दसवीं के छात्र को कार से अगवा कर लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर उसके साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं बदमाशों ने छात्र को पीटते हुए वीडियो भी बनाया। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी अक्षय चौधरी के मुताबिक जी सेक्टर अयोध्या नगर निवासी 17 वर्षीय राजेश (बदला हुआ नाम) सरस्वती शिशु स्कूल में कक्षा दसवीं का छात्र है। बीते 23 अगस्त की रात वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था, तभी उसके मोहल्ले में रहने वाला बदमाश अरूण भरदेले अपने साथी अमन कोरी के साथ आ गया। दोनों ने उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। छात्र ने पैसे होने से इनकार किया तो आरोपियों ने जबरदस्ती उसे अगवा कर कार में बिठा लिया। आरोपी उसे घुमाते हुए पीटते रहे, फिर मिनाल में एक सुनसान स्थान पर लेकर पहुंचे। वहां आरोपियों ने जमकर किशोर के साथ मारपीट की और उसे मुर्गा बनने के लिए मजबूर किया। इतना ही नहीं आरोपियों के साथ मारपीट करते हुए उसका वीडियो बनाया। करीब दो घंटे बाद आरोपी किशोर को उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गए। दहशत में आए छात्र ने करीब आठ दिन तक किसी को भी वारदात की जानकारी नहीं दी। गुरुवार को उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और उनके साथ थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने देर रात ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

### मां-पिता का हो चुका है निधन

बताया गया है कि फरियादी नाबालिग अयोध्या नगर में अपनी दादी के साथ रहता है। उसकी मां और पिता दोनों का निधन हो चुका है। पूर्व में आरोपियों के साथ उसका बैठना-उठना भी रहा है। आरोपी अरूण का आपराधिक रिकार्ड है, और उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई भी प्रस्तावित है, जबकि अमन कोरी का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

# शिक्षकों ने सीखी रोबोट और खगोल विज्ञान की तकनीक

**भोपाल, देशबन्धु।** आचंलिक विज्ञान केंद्र में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शहर के चुनिंदा 78 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में दो समूह बनाए गए, जिसमें शिक्षकों ने विज्ञान व गणित के विभिन्न विषयों पर किट मेकिंग कार्यशाला में हिस्सा लिया। यहां से प्रशिक्षण हासिल कर ये शिक्षक अपने विद्यार्थियों को शिक्षित और जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय कार्यविभाग और राज्य सरकार की ओर से किया गया।



आंचलिक विज्ञान केंद्र के प्रकल्प समन्वयक साकेत सिंह कौरव ने शिक्षकों को बताया कि रोबोट कई प्रकार के हो सकते हैं। रोबोट का निर्माण उनके कार्यों और उनके प्रोग्रामिंग के अनुसार ही किया जाता है और इसीलिए रोबोट का कोई एक प्रकार तो निश्चित नहीं है, इसके कार्यों के आधार पर इसका निर्माण होता है और इसे उसी के प्रकार के नाम दिया जाता है। आज के समय में लगभग सभी क्षेत्रों में रोबोट का इस्तेमाल किया जा रहा है। रोबोट के इस्तेमाल से काम आसानी से कम समय में एवं शुद्धता पूर्ण तरीके से पूरे हो जाते हैं इसीलिए आज इनका इस्तेमाल लगभग हारे क्षेत्र में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में रोबोट आपको लगभग हर एक स्थान पर कामन रूप में दिखाई देने लगेंगे। इसके साथ ही शिक्षकों को नवप्रवर्तन, वर्चुअल रियलिटी, खगोल विज्ञान आदि विषयों में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दोनों बैच के समापन पर प्रतिभागी शिक्षकों को उनके द्वारा बनाई गई किट, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

# गंदगी मिलने पर रेस्टोरेंट का रसोईघर किया सील

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने 32 डिग्री नॉर्थ ईस्ट रेस्टोरेंट के रसोईघर को सील कर दिया है। दरअसल खाद्य निरीक्षक की टीम जब यहां निरीक्षण करने पहुंची तो रेस्टोरेंट के रसोईघर में गंदगी मिली। वहीं, बिना खाद्य लाइसेंस के रेस्टोरेंट चलना पाया गया। इसके चलते रसोईघर और स्टोर दोनों को सील कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य निरीक्षक भोजराज सिंह धाकड़, जगदीशप्रसाद विश्वकर्मा और अर्चना प्रभाकर वार्ड-26 में खुदागंज स्थित 32 डिग्री नॉर्थ ईस्ट रेस्टोरेंट में निरीक्षण पहुंचे। इन्हें रेस्टोरेंट के रसोई घर में गंदगी मिली। यहां गंदगी के बीच भोजन तैयार हो रहा था, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सामग्री के रखरखाव संबंधित गंभीर भी कमियां देखी। खाने-पीने की सामग्री गुणवत्ता पर संदेह होने के कारण प्रतिष्ठान से पनीर, काजू टुकड़ी, दही और स्टीम राइस के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। निरीक्षण के दौरान संचालक लाइसेंस नहीं दिखा सके। इसके बाद अभिहित अधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा ने रसोईघर और स्टोर को तुरंत सील करने के आदेश जारी कर दिया।

# 20 एकड़ निजी जमीन से हटाया कब्जा



**भोपाल, देशबन्धु।** जिला प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को कोहेफिजा लालघाटी स्थित 20 एकड़ जमीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई की। यह निजी जमीन है। जिस पर वाहन शोरूम की गाड़ियां खड़ी कर दी गई थी। इस मामले में कलेक्टर आशीष सिंह से भी शिकायत की गई थी। एसडीएम आदित्य जैन ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। एसडीएम जैन ने बताया कि लालघाटी में रमेश बच्चानी समेत परिवार की 20 एकड़ जमीन है। वर्ष 2007 में वाहन शोरूम संचालक और रमेश बच्चानी के बीच अनुबंध भी हुआ था। वहीं, कुछ दिन पहले रमेश बच्चानी ने कलेक्टर से कब्जा हटाने की शिकायत की थी। इसके बाद आज इस मामले में कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई करीब दो घंटे तक चली। इस दौरान भारी पुलिस मौजूद रहा। ताकि किसी प्रकार के हंगामे की स्थिति न बने।

# युवक ने विवाहिता को प्रेम जाल में फंसाकर की ज्यादती

**भोपाल, देशबन्धु।** महिला थाना पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर परिचित युवक के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी युवक ने विवाहिता और उसके पति के बीच के मनमुटाव का फायदा उठाते हुए महिला से नजदीकी संबंध बना लिए थे। महिला थाना पुलिस के अनुसार 33 वर्षीय महिला अरेरा हिल्स थानाक्षेत्र की एक बस्ती में रहती है। इसी इलाके में राजेश पटेल नाम का युवक रहता है। एक ही इलाके में रहने के कारण दोनों के बीच बातचीत होती थी। इस दौरान महिला का अपने पति से मनमुटाव चल रहा था। महिला परिवार की बातें राजेश से शेयर करने लगी तो राजेश ने उससे हमदर्दी जताना शुरू कर दिया। दोनों के जब नजदीकी संबंध हो गए तो जून 2014 में राजेश महिला को घुमाने के बहाने एक होटल में लेकर गया। यहां पर उसने महिला के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। ज्यादती करने के बाद उसने महिला से कहा कि वह अपने पति को छोड़ दे। दोनों के अलग होते ही वह उससे शादी कर लेगा। दोनों के बीच संबंधों की बात जब महिला के पति को पता चली तो उसने महिला को छोड़ दिया। इसके बाद महिला राजेश के साथ रहने लगी तो राजेश उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पिछले दिनों महिला को पता चला कि वह गर्भवती है। उसने राजेश से शादी करने के लिए दबाव डाला तो उसने शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद महिला थाने पहुंची तथा शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घुमन्तुओं का सूचना तंत्र मजबूत होता है: प्रो. पाण्डेय

**भोपाल, देशबन्धु।** विमुक्त जाति दिवस के अवसर जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी एवं बाबूलाल गौर शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, भेल के सहयोग से मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में आयोजित सम्वेग कार्यक्रम में दूसरे दिन आईआईएफएम भोपाल के प्रो. अमिताभ पाण्डेय ने विमुक्त और घुमन्तुओं की संस्कृति: संदर्भ मध्यप्रदेश विषय पर विचार साझा करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ तादात्म्य विमुक्त समाज की विशेषता है, यह समाज आज भी प्रकृति से जुड़ा हुआ है। इनका सूचना तंत्र बहुत मजबूत रहता है और संस्कृति को बढ़ावा देने में भी इनका बहुत योगदान रहा है।

प्रो. पाण्डेय ने कहा कि घूमन्तु समाज शिवाजी, महाराणा प्रताप सहित अनेकों महापुरुषों को अपना पूर्वज मानते हैं, जिसका जिक्र उनकी कहानियों और उनकी वाचिक परंपरा में हमें मिलता है। उन्होंने घूमन्तु समुदायों के इतिहास पर बात करते हुए कहा कि जनजातियों में वन्य प्राणियों की जानकारी बहुत महीन रूप से रहती है, तभी वे अपनी आजीविका इन्हीं प्राणियों से कम से कम संसाधनों के आधार पर प्राप्त करते रहे हैं। वे प्राणियों की ध्वनि का भी अच्छा ज्ञान रखते हैं साथ ही जमीन पर पड़े हुए निशानों से वे जानवरों की पूर्ण जानकारी रखते हैं। सामाजिक संरचना में इनका छोटा परिवार रहता है। पति-पत्नी, बच्चे और भाई-बहन के रिश्तेदार रहते हैं और यह परिवार 10 से 15 लोगों की गिनती में रहता है। इन्हें अपने प्राचीन पीढ़ियों में पांच से सात पुश्तों की जानकारी रहती है और इसी आधार पर रिश्ते-नाते होते हैं। इनका समुदाय किसी एक वन्य संसाधन पर निर्भर रहता था, तो अन्य कोई समुदाय उसे त्याग देता था। इस दौरान निदेशक डॉ धर्मेंद्र पारे, शासकीय बाबूलाल गौर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन विशेष रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन सुश्री पूजा सक्सेना ने और शुभम चौहान ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अगले क्रम में अरण्य संस्था, भोपाल द्वारा आधो राज मोरो नाट्य की प्रस्तुति दी गई। इस नाटक की कहानी रायसेन जिले के नसीपुर गांव के चाँद सिंह की बताई हुई है, जिसे दीपक नेमा ने निर्देशित किया। इसमें नाटक के माध्यम से बताया कि पारधी भारत के, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में पाए जाने वाले पूर्व पारम्परिक शिकारियों की एक जाति है, घुमंतक जीवन जीते हैं।

# टूल से मिलेगी जलवायु परिस्थितियों को समझने में सहायता: सखलेचा

**भोपाल, देशबन्धु।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा एवं ब्रिटिश उप उच्चायुक्त एवं मंत्री सुश्री क्रिस्टीना स्कॉट के मुख्य आतिथ्य में मनरेगा कार्यक्रमों के लिए जलवायु सूचना सेवा टूल का मेपकास्ट परिसर में लोकार्पण हुआ। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एण्नवायरनमेंट एण्ड डेव्हलपमेंट के सहयोग से भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत यह टूल विकसित किया गया है।



श्री सखलेचा ने कहा कि जलवायु परितर्वन को लेकर हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस टूल के माध्यम से जलवायु परिस्थितियों को समझने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस टूल के माध्यम से ग्रामों को जोड़ा जायेगा, जिससे प्राप्त सूचना का लाभ ग्रामों को मिल पाएगा। साथ ही प्रकृतिक पर्यावरण को समझने में इस टूल से सहायता मिल सकती है। श्री सखलेचा ने कहा कि विश्व के सभी देशों की समस्याओं के सभी को मिलकर समाधान निकालने होंगे। तेजी से हो रहे तकनीक परिवर्तन से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जो अंतर आया है उसे समझ कर कार्य करना होगा।

ब्रिटिश उप उच्चायुक्त सुश्री क्रिस्टीना स्कॉट ने कहा कि तकनीकी ही सभी समस्याओं का उत्तर है। भारत एवं ब्रिटेन के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए हाल ही में हुए अनुबंधों का दोनों देशों को फायदा मिलेगा। अगले सप्ताह भारत में होने वाली जी 20 समूह की बैठक में भारतीय प्रधानमंत्री एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के बीच होने वाली बैठक में विज्ञान एवं तकनीकी से जुड़े विषयों में आपसी सहयोग से साझा कार्यक्रमों के लिए सहमति बनेगी। मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष डॉ निशांत खरे ने कहा कि रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल एवं रिस्पेक्ट ऑफ नेचर के चार मन्त्रों से ही हम प्रकृति को बचा सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम भवन के बाहर आकर जलवायू परिवर्तन के बारे में बात करें। चूंकि परंपरा विज्ञान से संबंधित होती है और इसका मूल्यांकन करना उचित होगा। कार्यक्रम में पर्यावरण साथियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर टॉम मिशेल, डॉ. ऋतु भारद्वाज, डॉ. अनिल कोठारी, डॉ. आलोक चौधरी सहित मैपकास्ट के अधिकारी उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार, राजधानी परियोजना टी.टी.नगर भोपाल म.प्र.**
(शेड नं. 06, बारह दफ्तर,जवाहर चौक,भोपाल)
प्रकरण क्रमांक 140 /अ-6/23-24

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कवलजीत कौर आ. अमरजीत कौर एवं श्री अमरजीत कौर आ. प्रकाश सिंह निवासी ई-8/229, त्रिलोचन नगर बावडिया कलां भोपाल द्वारा ग्राम - खुदागंज स्थित भूमि खसरा नंबर 84/1/2/5/1 रकबा 0.111 हे. का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 18/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना, भोपाल**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/ सागर दिनांक 01/09/2023

**-:: सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 701/23-24 | नरयावली नाका | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, तफशीश नकल | गायत्री पति शंकरलाल कटारे | अंशु पिता स्व. रविशंकर कटारे |
| 2. | 702/23-24 | नरयावली नाका | मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा | कमलाबाई पति स्व. जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल | नवल किशोर पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल |
| 3. | 703/23-24 | गुरुगोविन्द | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1, तफशीश नकल | राजकुमार पिता देवी सिंह यादव | खुर्शीद बेगम पति अब्दुल मजीद खान |
| 4. | 704/23-24 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1, टैक्स रसीद | अंकित पिता अशोक रावत | हेमन्त कुमार पिता पूरनलाल विश्वकर्मा |
| 5. | 705/23-24 | विट्ठलनगर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1, टैक्स रसीद | विश्वदीप पिता युगल निवास श्रीवास्तव | कल्पना पति विनोद चौकसे |
| 6. | 706/23-24 | तिली | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1 | रश्मि पति रमाशंकर वर्मा | प्रीति पति कृष्णकुमार सूर्येश |
| 7. | 707/23-24 | सूबेदार | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1 | सावरिया पार्श्व एसोसिएट | राहुल पिता चन्द्रशेखर जैन |
| 8. | 708/23-24 | शिवाजी | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1, टैक्स रसीद | हरीश पिता बिहारीलाल सराफ | बबीता पति धर्मेन्द्र राय |
| 9. | 709/23-24 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1 | बलराम पिता मोहनलाल एवं पुरुषोत्तम पिता बलराम चौरसिया | लक्ष्मण पिता रामप्रसाद चौरसिया |
| 10. | 710/23-24 | शिवाजी | रजि.बैनामा, शपथ पत्र, खसरा बी-1 | हरीश पिता बिहारीलाल सराफ | बबीता पिता धर्मेन्द्र राय |

**कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर**



**न्यायालय तहसीलदार, नजूल तहसील टी.टी.नगर जिला भोपाल म.प्र.**
**(करूणा दंडोतिया) भोपाल म.प्र.**
प्र.क्रं. 139/अ-6/22-23

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र मोहन शर्मा आ0 सुरेष चंद्र शर्मा निवासी -भोपाल ने नामांतरण करने विषयक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम- खुदागंज तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 84/13 रकबा 0.011 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण करने का निवेदन किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है । आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्री भगवान लाल के नाम पर दर्ज है ।

अतः उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाषन से 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 18/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।

**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल**



## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस (डब्ल्यूटीए)-149/टेंडर/542 नई दिल्ली, दिनांक 01/09/2023

निविदा सं. डब्ल्यूटीए-542 के लिए शुद्धि पत्र सं. 2

**विषयः- बोक्सएन वेगन के व्हील्स (सॉलिड फॉल्र्ड व्हील्स या कास्ट व्हील्स) की खरीद के लिए दिनांकः- 05/09/2023 को खोली जाने वाली ई-वैस्विक निविदा सं. डब्ल्यूटीए-542.** आप का ध्यान विषय गत निविद की ओर आकृष्ट किया जाता हैं। बोलीदाता विषयगत निविदा के सम्बंध में निम्नलिखित अशुद्धियाँ/ आशोधन नोट कर ले।

| क्र. सं. | पृष्ठ सं. | संदर्भित खण्ड | मौजूदा | पठित/आशोधित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बोली दस्तावेज के 57 के पृष्ठ संख्या 6 | 14(ख) प्रस्तावों की अनुक्रियता | बोली गारंटी की वैधता निविदा खुलने की तारीख से 255 दिन के लिये हैं। किसी अन्तर की अनुमति नहीं हैं। और अन्तर होने की स्थिति में प्रस्ताव को तुरन्त रद्द कर दिया जाएगा। | बोली गारंटी की वैधता निविदा खुलने की मूल तारीख से अर्थात् 28/08/2023 से 225 दिन के लिये हैं। किसी अन्तर की अनुमति नहीं हैं। किसी अन्तर की होने की स्थिति में प्रस्ताव को तुरन्त रद्द कर दिया जाएगा। |

2720/23

निदेशक/रेल भंडार (एम),
रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली-110001

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## YES BANK यस बैंक लिमिटेड

**शाखा कार्यालय:** वार्ड नं.8, आरएम टॉवर म्यूनिसिपल नं.269, गोराकुण्ड चौराहा, राजवाड़ा के पास, महात्मा गांधी रोड़, इन्दौर (म.प्र.) 452001

**आधिपत्य सूचना** [नियम - 8(1) अचल संपत्ति हेतु ]

**यस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अनुसरण में, नीचे विस्तार में वर्णित ऋणी को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसके तहत उक्त 13(2) धारा के अंतर्गत सूचना के प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा संपूर्ण धनराशि न चुकाए जाने पर, एतद्द्वारा ऋणी को एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उन्हें दिए गए अधिकारों के अनुसरण में यहाँ वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा न करें एवं संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा यहाँ वर्णित राशि का उस पर अनुबंधित दर से ब्याज एवं लागत के भुगतान के साथ यस बैंक लिमिटेड को चुकाए जाने के अधीन किया जाएगा।

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी एवं बंधककर्ता का नाम | ऋण खाता संख्या एवं कस्टूमर आईडी | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रु.) | 13 (2) सूचना के अनुसार दिनांक / पुनः कब्जे की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स काबुलीवाला द्वारा प्रतिनिधित्व श्री कमल चुघ | MOR0119 01155902 | संपत्ति 1 : प्रथम मंजिल पर दो फ्लेट एवं द्वितीय मंजिल पर दो फ्लेट, मिलेनियम टॉवर, झोन II, एम.पी. नगर, वार्ड नं. 45, भोपाल (म.प्र.) संपित्त 2 : मेजाईन फ्लोर का भाग, प्लॉट नं. 67 पर पूर्ण निर्मित, मिलेनियमटॉवर, झोन II, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.) | ₹ 5,01,26,217.25/- | 17-06-2023 / 28-08-2023 |
| 2 | रविन्द्र कुमार कटियार | AFH0119 01118983 | फ्लेट नं.502 (एचआईजी), अलर्क रेसीडेंसी, ग्राम बड़बई, वार्ड नं.75, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) | ₹ 31,91,131.41/- | 19-05-2023 / 29-08-2023 |

अधिनियम की धारा 13(8) में अपेक्षित अनुसार, हमारे द्वारा खर्च किए गए सभी लागत, प्रभार एवं व्यय के साथ हमारी बकाया राशि का भुगतान, बिक्री या स्थानांतरण की निर्दिष्ट तिथि से पहले किसी भी समय कर दिया जाता है, तो हमारी ओर से प्रतिभूत संपत्ति का विक्रय या स्थानांतरण नहीं किया जाएगा एवं उक्त प्रतिभूत परिसंपत्ति के स्थानांतरण या बिक्री के लिए हमारी ओर से आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।


हस्ते/-
प्राधिकृत अधिकारी
यस बैंक लिमिटेड

दिनांक : 02-09-2023
स्थान : भोपाल

# अभिमत

*भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है।*

## कदम चांद पर लेकिन सोच वही दकियानूसी



जगदीश रत्तनानी

**किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं।**

भारत ने चंद्रमा पर अपना झंडा फहरा दिया है। भारत पहला देश है जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारा है। भारत चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला केवल चौथा देश बन गया है। जाहिर है कि राष्ट्र ने जो हासिल किया है, उससे उत्साह, गर्व और खुशी की भावना है। हमने बहुत दूर तक का सफर तय किया है। जब हम खुद से परे देखते हैं तो हम बहुत कुछ सीखते हैं लेकिन भारतीय विचार और आध्यात्मिक परंपराएं हमें सिखाती हैं कि जब हम अपने अंदर झांकते हैं तो हम और ज्यादा सीखते हैं। इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने के कुछ दिनों बाद तिरुवनंतपुरम में भद्र काली मंदिर की यात्रा के दौरान इसे बहुत सहजता से कहा। उन्होंने कहा-'मैं कई मंदिरों में जाता हूं, मैं कई शास्त्रों को पढ़ता हूं। इस ब्रह्मांड में हमारे अस्तित्व और हमारी यात्रा का अर्थ खोजने की कोशिश करता हूं। मैं एक अन्वेषक हूं। मैं चंद्रमा के रहस्यों का पता लगाने का प्रयास करता हूं। मैं अंतर्मन के रहस्यों को खोजने की कोशिश करता हूं।'

अंतर्मन वह जगह है जहां हमारी सभी यात्राएं शुरू और समाप्त होती हैं। वेदांत के अग्रणी प्रतिपादकों में से एक अर्श विद्या गुरुकुलम के स्वामी दयानंद सरस्वती (1930-2015) ने भगवद् गीता की पहली पंक्ति पर विस्तार से यह सिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वामी दयानंद सरस्वती का सम्मान करते हैं। नेत्रहीन राजा धृतराष्ट्र द्वारा संजय से यह पूछने के साथ पवित्र भगवद् 'गीता की शुरुआत होती है- युद्ध के मैदान में इकट्ठे हुए, लड़ने की इच्छा रखते वाले, 'मेरे लोगों' और 'पांडु पुत्रों' ने क्या किया? धृतराष्ट्र के पुत्र 'उसके लोग' हैं; उनके भाई पांडु के पुत्र 'उसके लोग' नहीं हैं, और लड़ाई यहीं से शुरू होती है। स्वामी दयानंद सरस्वती एक अनोखे तरीके और शैली में यह बात सिखाते हैं कि सभी लड़ाइयां अंदर की ओर हमारे अंतर्मन में होती हैं और हमारा शरीर और उसके कार्य कुरुक्षेत्र के युद्ध क्षेत्र का निर्माण करते हैं जहां धर्म की परीक्षा होती है।

जब बाह्य जगत में आपका गौरव हो रहा हो उस समय डॉ. सोमनाथ ऐसे दुर्लभ व्यक्ति हैं जो वैज्ञानिक पद्धति के साक्ष्य आधारित अभ्यासक हैं। उन्होंने अपने जीवन में एक ही समय में विज्ञान की खोज तथा आध्यात्मिकता विचार के लिए जगह बनाई है। अंतरिक्ष अन्वेषण में इसरो प्रमुख की शानदार उपलब्धि विज्ञान के तरीकों के लिए उनके प्यार में निहित है। वास्तव में ऐसा होना भी चाहिए। वैज्ञानिक क्रांति के पिता फ्रांसिस बेकन (1561-1626) का कहना था कि-'इसे (विज्ञान को) वर्चस्व और नियंत्रण की भाषा का उपयोग कर हमें प्रकृति पर अत्याचार कर उसे अपने रहस्य उजागर करने के लिए बाध्य करना होगा।' विज्ञान के संबंध में भारतीय धारणा इसके विपरीत है। भारतीय परंपरा प्रकृति का सम्मान करना, प्रकृति की पूजा करना और उससे सीखने का संदेश देती है।

किसी बात पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और साधनों के बिना सोचे-समझे भरोसा करना उस पिछड़े और अंधविश्वासी विचार को सुनने तथा बढ़ावा देने का जोखिम रहता है। इसके खिलाफ जवाहरलाल नेहरू ने आवाज उठाई थी। हमारी जड़ों को फिर से खोजने के नाम पर सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और उनके कुछ चापलूसों ने यही दृष्टिकोण अपनाया है। दूसरी ओर, प्रकृति और उसके द्वारा हमें प्रदान की गई सभी चीजों के प्रति सम्मान के बिना आरंभ किए गए उपक्रम एक शोषक मॉडल बनने का जोखिम उठाते हैं। ऐसे उपक्रमों ने हमें एंथ्रोपोसीन और जलवायु संकट के युग में खड़ा कर दिया है जिनका आज संपूर्ण मानवता को सामना करना पड़ रहा है। यह संकट वैश्विक है और इसका जवाब विभिन्न पारिस्थितिक आंदोलनों के रूप में सामने आता है जो मानव जाति की प्रगति के विचार पर नए सवाल उठा रहे हैं। सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग और वर्चस्व की भाषा बोलने वाले खुशामदियों के लिए ये चुनौतियां पूरी तरह से विदेशी हैं और इस प्रक्रिया में वे प्राकृतिक प्रणालियों को नष्ट कर रहे हैं। ये लोग इस उम्मीद में हैं कि भारत इसी तरह से आगे बढ़ सकता है और नई व्यवस्था में एक महाशक्ति बन सकता है।

चंद्रमा पर उतरने में सफलता ऐसे राजनीतिक दौर में मिली है जब मंदिर एक हथियार बन गया है, आध्यात्मिकता को उग्र भगवा में बदल दिया गया है और शास्त्रों को लापरवाही से उद्धृत किया जाता है या संवाद और एकता का संदेश देने के लिए प्रसिद्ध ग्रंथों को आक्रामक स्वर देने के लिए कहा जाता है। रूमी ने कहा है-'हम अपने अंदर मौजूद चमत्कारों को बाहर तलाशते हैं'। इस संदर्भ में हम तर्क दे सकते हैं कि आज राष्ट्र को तोड़ने को विभाजित करने वाले प्रयास वे विभाजन हैं जो हम अपने अंदर रखते हैं। इस जहर को नष्ट करने का सरल उपाय दोनों पक्षों को समझने का प्रयास करना है या जैसा कि इसरो प्रमुख ने कहा-'विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों का पता लगाना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है। यह उस संस्कृति का एक हिस्सा है जिसे हमने अंतरात्मा के साथ-साथ बाह्य जगत का पता लगाने के लिए बनाया है।'

कहने की जरूरत नहीं है कि आध्यात्मिकता का अर्थ धार्मिकता नहीं है। किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति या वास्तव में किसी भी धर्म को मानता नहीं है, वह किसी धाराप्रवाह मंत्रोच्चार करने वाले व्यक्ति से या उससे अधिक आध्यात्मिक हो सकता है। आध्यात्मिकता असंख्य पहलू जोड़ती है तथा गहरे आंतरिक परीक्षण को गति देती है जो समय सीमा, भौगोलिक क्षेत्रों, धार्मिक आस्थाओं की विश्वास प्रणालियों में गूंजती है और लाखों कंठों से उसका गुणगान करती है।

आज भारत जिस संकट का सामना कर रहा है, वह एक ऐसे नेतृत्व द्वारा लाया गया है जो न तो अंदर और न ही बाहर को समझता है और दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। जब ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जाते हैं कि भारत में सर्जरी का आविष्कार कैसे किया गया था या किस तरह हजारों साल पहले हमारे पास हवाई जहाज और 'पुष्पक-विमान' थे तो यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ न्याय नहीं करता है। ऐसा नजरिया तेजी से जीडीपी विकास की अपनी विवेकहीन तलाश में प्रकृति की लापरवाह और विचारहीन लूट, एक समूह को विभाजित करने और दूसरे समूह से लड़ने के लिए मजबूर करने वाली राजनीति, बढ़ती असमानता और चुनिंदा सुपर-अमीरों को प्राथमिकता देकर और भी अधिक अन्याय करता है। यदि सब कुछ दीर्घकालिक दूरदर्शी सोच के बिना तत्काल लाभ-हानि की सोच तक सीमित हो जाता है तो कोई आश्चर्य नहीं कि चांद पर भारत का अहम बड़ा कदम भी छोटी सोच से प्रभावित हो जाएगा।

यह विवाद वाजिब है कि इसरो के वैज्ञानिकों से मिलने के लिए प्रधानमंत्री बेंगलुरु कैसे गए और प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से अपनी अगवानी नहीं करने या प्रोटोकॉल के अनुसार उनके साथ (प्रधानमंत्री के साथ) आने के लिए क्यों रोक दिया?

देश को दोहरी खुशी होती यदि दो दलों के दोनों नेता साथ-साथ खड़े होते और चंद्रमा पर जाने के मिशन को संभव बनाने वाले वैज्ञानिकों को बधाई देते। स्पष्ट रूप से यह मुख्यमंत्री या उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को 'रोकने' का कोई अवसर नहीं था। प्रधानमंत्री को पता होना चाहिए था कि 2024 के आम चुनावों और चंद्रमा मिशन की सफलता का राजनीतिक लाभ लेने की भाजपा की प्रवृत्ति को देखते हुए उनका यह स्पष्टीकरण कि वह राज्य के नेताओं को 'परेशान' नहीं करना चाहते थे, जनता की निगाह में खरा नहीं उतरेगा।

उम्मीद है कि इस प्रकरण को जल्द ही भुला दिया जाएगा क्योंकि राष्ट्र अपने वैज्ञानिकों की सफलता और उनके काम की खुशियां मनाने में व्यस्त है।

चंद्र मिशन की सफलता के क्षण में भी हम उनसे कुछ सीख सकते हैं। इसरो में किसी ने नहीं कहा कि यह 'मैंने' किया। टीम के सदस्यों को कैमरों के सामने बुलाया गया था। इसरो नेतृत्व ने सफलता का पूरा श्रेय अतीत और वर्तमान नेताओं को दिया। उन्होंने टीम भावना का प्रदर्शन किया जो मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इसरो प्रमुख के शब्दों में-'यह अकेले हमारा काम नहीं है। यह इसरो के नेतृत्व और इसरो वैज्ञानिकों की एक पीढ़ी का काम है। यही क्रमिक प्रगति है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

## बीता सप्ताह

**26 अगस्त**
- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाते हुए गुवाहाटी हाईकोर्ट में सुनवाई का फैसला लिया।
- चन्द्रयान-3 के रोवर ने चंद्रमा की सतह पर उतर कर 'मूनवॉक' किया।
- पूर्व डब्ल्यू डब्ल्यू ई चैम्पियन ब्रे वॉयट का 36 वर्ष की उम्र में हार्टअटैक से निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑर्नर' से सम्मानित किए गए।

**27 अगस्त**
- दिग्गज गीतकार देव कोहली का मुंबई में निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों से भेंट कर चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर लैंडिंग पाइंट को 'शिव शक्ति' पाइंट नाम देने का ऐलान किया।
- तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।
- नासा ने एंडेवर नामक ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर स्पेसएक्स क्रू-7 मिशन लॉन्च किया।

**28 अगस्त**
- भारतीय अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल-1
- पश्चिम बंगाल के परगना जिले केदत्तपुकुर में फटाका फैक्ट्री में आग लग जाने से 8 लोगों मौत हो गई।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के नोआ लायल्स विश्व चैम्पियनशिप में तीसरा स्वर्ण पदक जीता।
- एशिया कप के लिए बल्लेबाज सऊद शकील पाकिस्तान की टीम में शामिल कर लिए गए।

**29 अगस्त**
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष के नए गठबंधन इंडिया के संयोजक बनने से किया इंकार।
- जापान का पहला चंद्रयान मॉडयूल स्मार्ट लैंडर फार इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) प्रक्षेपण का मौसम की खराबी के कारण स्थगित कर दिया।
- पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हत्या के आरोप से बरी कर दिया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

**30 अगस्त**
- तोशाखाना मामले में पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगाई।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र से पूछा कि जम्मू-कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा।
- केन्द्र ने एलपीजी गैस सिलेंडर पर 200 रुपए कीमत कम कर दिया।
- चीन ने एक नया नक्शा जारी किया जिसमें अरुणाचल व अवसाह चिन को बताया अपना क्षेत्र।

**31 अगस्त**
- मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक में 28 राजनीतिक दल होंगे शामिल।
- लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन का निलंबन खत्म कर दिया गया।
- कर्नाटक सरकार ने अपने राज्य में गृह लक्ष्मी योजना शुरु की।
- मध्यप्रदेश के मुरैना में टैंक की सफाई में उतरे पांच मजदूरों की मौत हो गई।

**1 सितंबर**
- केंद्र सरकार ने जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रायपुर में कहा कि -छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहावत में है-सदियों का सच।
- राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस लेकर पीएम मोदी से किए सवाल कि देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर किसका?
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को क्रॉप डाक्टर 2-0 ऐप विकसित करने के लिए राष्ट्रीय ई-गर्वनेंस स्वर्ण पदक पुरस्कार मिला।

## गुटनिरपेक्षता से लेकर अगले सप्ताह दिल्ली में जी-20

■ डॉ. अरुण मित्रा

अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर काफी उत्साह पैदा किया जा रहा है, विशेष रूप से यह दिखाने के लिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही भारत को समूह की अध्यक्षता मिली है, तथा इसी का प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। परन्तु मामले की सच्चाई यह है कि जी-20 में अध्यक्षता की एक चक्रीय प्रणाली है, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को बारी-बारी से आयोजन का अवसर और अध्यक्षता और दी जाती है। दरअसल भारत पिछले साल जी-20 का अध्यक्ष बन सकता था लेकिन इसमें एक साल की देरी हो गई।

जी-20 के पास चर्चा के लिए कई एजेंडे हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक शांति और सभी के लिए स्वास्थ्य है। कई हिस्सों में चल रहे सशस्त्र संघर्षों के कारण आज दुनिया बहुत गंभीर स्थिति में है। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष इस समय सबसे गंभीर है। यूएनओ के अनुसार अब तक 3604 नागरिकों सहित 14400 से अधिक लोग मारे गये हैं। 80 लाख से अधिक लोग बाहरी रूप से विस्थापित होकर दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं।

**7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है।**

मामला सिर्फ रूस और यूक्रेन के बीच नहीं रह गया है। अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी से चीजें बहुत आगे बढ़ गई हैं। दोनों पक्षों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान जारी करने के बाद कि वह यूक्रेन को क्लस्टर हथियारों की आपूर्ति करेंगे, रूस ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति में उनके पास परमाणु हथियारों का उपयोग करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचेगा। यह बहुत खतरनाक स्थिति है क्योंकि इस समय उस सीमा पर कोई भी परमाणु आदान-प्रदान रूस और यूक्रेन के बीच सीमित नहीं रहेगा। यह रूस और अमेरिका और नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान होगा। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, इसका मतलब 5 अरब से अधिक लोगों की मृत्यु होगी जो हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा।

आईपीपीएनडब्ल्यू और पर्यावरण समूहों द्वारा किये गये अध्ययन ने पहले ही सुबूतों के साथ दिखाया है कि उदाहरण के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित परमाणु आदान-प्रदान से भी 2 अरब से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। लेकिन रूस और अमेरिका के बीच आदान-प्रदान कहीं अधिक विनाशकारी होगा।

इसके अलावा अफ्रीका और एशिया के विभिन्न हिस्सों में भी संघर्ष चल रहे हैं। इन आंतरिक झगड़ों को अमीर देशों के विभिन्न आर्थिक हितों के लिए किसी न किसी रूप में अंतरर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। फ़िलिस्तीन या सीरिया की स्थिति अत्यधिक मानवाधिकार उल्लंघन के उदाहरण हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि जी-20 परमाणु निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर कड़ा निर्णय ले और छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाये।

हालांकि यह असंभावित लगता है क्योंकि जी-20 एक समरूप समूह नहीं है। यह बहुराष्ट्रीय निगमों और सैन्य औद्योगिक परिसरों पर हावी स्व-हित वाले देशों का एक समूह है। यह गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नैम) के विपरीत है जिसने प्रभावी कदम उठाए और विभिन्न देशों में निरस्त्रीकरण, विकास और मानवाधिकारों के मुद्दे पर गंभीर चिंताएं उठाईं। यह सर्वविदित है कि उस समय भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नैम की स्थापना जवाहरलाल नेहरू, मार्शल टीटो और अब्दुलगमाल नासिर की पहल पर की गई थी। नैमका 7वां शिखर सम्मेलन 1983 में दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें 117 देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया था और कई देशों के 20 पर्यवेक्षक थे।

इसके विपरीत, जी-20 एक छोटा आयोजन है लेकिन बहुत अधिक प्रचार के साथ। ऐसा लगता नहीं है कि जी-20 बैठक परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए एक ठोस घोषणा के साथ सामने आयेगी, जो अब 7 जुलाई 2017 को यूएनओ द्वारा पारित परमाणु हथियारों के निषेध पर बहुपक्षीय संधि (टीपीएनडब्ल्यू) के माध्यम से संभव है।

अंदर एक मजबूत लॉबी है। जी-20 ने यूएनओ में टीपीएनडब्ल्यू का विरोध किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों पर जबरदस्त दबाव डाला। ये देश निवारक के रूप में परमाणु हथियारों के सिद्धांत के नायक हैं। इसकी बहुत कम संभावना है कि जी-20 सभी के लिए स्वास्थ्य पर कोई ठोस निर्णय लेकर आयेगा जिसके लिए स्वास्थ्य देखभाल के लिए संसाधनों के समान वितरण की आवश्यकता है।

हमने देखा है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियों, विशेष रूप से वैक्सीन उत्पादक कंपनियों ने कोविड महामारी के दौरान तबाही मचाई और छोटे देशों को ब्लैकमेल किया, जिनके पास अपने दम पर वैक्सीन बनाने के लिए न तो तकनीकी जानकारी थी और न ही संसाधन। माना जाता है कि बड़ी फार्मा कंपनियों ने इस अवधि के दौरान भारी मुनाफा कमाया है। सभी के लिए स्वास्थ्य, सस्ती दवा मूल्य निर्धारण और न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल पर किसी भी बातचीत के लिए, फार्मा कंपनियों को विनियमित करना होगा और उनके मुनाफे को पारदर्शी बनाना होगा।

जी-20 की गतिविधियों और विभिन्न क्षेत्रों में नतीजों पर नजर रखना अच्छा रहेगा। लेकिन अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे देश कॉर्पोरेट समर्थक विचारधारा और आर्थिक हितों वाले हैं। क्या वे हथियार छोड़ने के लिए तैयार होंगे या क्या वे विश्व व्यापार संगठन में प्रभावी बदलाव करने के लिए तैयार होंगे ताकि विकासशील देशों की सभी के लिए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके?

7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फ़िलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है। वर्तमान में हमारी राजनीति में उस स्तर के राजनैतिक कौशल का अभाव है।

## चांद पर 'शिवशक्ति पाइंट' : राजनीति का अंतरिक्ष

■ अमन नम्र

वर्ष 2000 में एक फिल्म आई थी 'रिफ्यूजी।' करीना कपूर और अभिषेक बच्चन के कॅरिअर की यह पहली फिल्म थी। इसमें जावेद अख्तर का लिखा एक गीत था,

'पंछी नदिया पवन के झोंके,  
कोई सरहद ना इन्हें रोके  
सरहदें इन्सानों के लिए हैं  
सोचो तुमने और मैंने क्या पाया इन्सां हो के।'

इस गीत के लिए जावेद अख्तर को 'फिल्म फेयर अवॉर्ड' भी मिला था। आप सोच रहे होंगे कि इस जानकारी का भला इस लेख से क्या तालमेल है। दरअसल जावेद अख्तर को पंछी, नदिया, पवन के साथ राजनीति भी जोड़नी थी, तो ये लाइनें ऐसी बनतीं-'पंछी, नदिया, राजनीति, पवन के झोंके, कोई सरहद ना इन्हें रोके।'

आज तो यही बात चरितार्थ हो रही है। अब राजनीति प्रदेश, देश और धरती की सीमा पार कर चांद तक पहुंच चुकी है। इसका ताजा उदाहरण है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद उस प्वाइंट को 'शिवशक्ति' नाम देना। आपका सवाल हो सकता है कि भला इसमें क्या राजनीति हो सकती है। यह तो वैज्ञानिकों और देश के सम्मान के लिए एक प्रतीक के तौर पर दिया गया नाम है। इससे पहले भी 2008 में जब भारत ने पहली बार चांद पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी तो उसे 'जवाहर पॉइंट' नाम दिया गया था। जाहिर है, तब कांग्रेस की मनमोहन सरकार थी, ऐसे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नामकरण किया गया। सवाल है कि क्या 'जवाहर पॉइंट' देशभक्ति थी और 'शिवशक्ति पॉइंट' राजनीति है?

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे।**

जायज सवाल है, पर इसका जवाब भी इसी सवाल में दे दिया गया है। अगर 'जवाहर पॉइंट' का नामकरण भी राजनीति ही थी तो यह अच्छी राजनीति थी, क्योंकि इसी का नतीजा है कि 15 साल बाद चंद्रयान-3 चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारा गया। तो ऐसे में 'शिवशक्ति पॉइंट' के नामकरण में भला क्या आपत्ति हो सकती है? नहीं होती, अगर यही नाम ऐसे किसी पॉइंट का होता जो मानसरोवर के सामने मौजूद कैलाश पर्वत के किसी राज को खोलने के किसी वैज्ञानिक मिशन के लिए वहां के किसी स्थान के लिए रखा जाता। तब शिवशक्ति के नाम के पीछे की एक जायज वजह होती। कैलाश पर्वत पर वास करने संबंधी भगवान शिव की मान्यता के साथ इस नामकरण पर कोई भी आपत्ति खारिज की जा सकती थी।

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 'शिवशक्ति पाइंट' के नामकरण पर तीन आपत्तियां बताई जा सकती हैं। पहली, जिस मिशन के लिए चंद्रयान-3 को वहां भेजा गया था, उसका इस नाम से कुछ लेना-देना नहीं है। दूसरी, 'इसरो' के वैज्ञानिक जिस जिद, जुनून, जज्बे और वैज्ञानिक नजरिए के साथ यह पूरा मिशन संभाल रहे थे, उसमें धर्म वैज्ञानिकों का एक निजी विश्वास जरूर हो सकता है, लेकिन इसे मिशन के दूरदर्शी नतीजों के साथ जबरन जोड़ना कतई फायदेमंद नहीं होगा। उलटे इसके नुकसान जरूर हो सकते हैं।

इस पूरे मिशन में जितने भी वैज्ञानिक जुड़े हैं, जरूरी नहीं कि वे सारे हिंदू हों, होने भी नहीं चाहिए। ऐसे में किसी वैज्ञानिक मिशन से जुड़े ऐसे बेहद अहम पाइंट का नाम धर्म विशेष से क्यों रखा जाना चाहिए? तीसरी आपत्ति यह है कि इस नाम को 'नासा' या 'ईएसए' (यूरोपियन स्पेस एजेंसी) जैसी अंतरराष्ट्रीय स्पेस एजेंसियों को किस तरह समझाया जाएगा। आखिर किसी को कैसे बताया जाएगा कि चांद की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसकी सतह पर मौजूद रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करने के इस मिशन के बेहद अहम प्वाइंट को केवल हिंदू देवता के नाम पर क्यों रखा गया है?

और यह भी कि देश के एक हिंदूवादी संगठन के नेता का यह बयान जब वतन की सीमा पार कर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जगह बनाएगा कि चांद को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए, तब भारत किस मुंह से इस पर सफाई देगा। सच तो यह है ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई न करने की स्थिति में भारत की धर्मनिरपेक्ष देश से, बीते 9 सालों में हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाले देश की छवि और मजबूत होगी। क्या इससे खालिस वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक खोज के लिए बनी 'नासा,' 'ईएसए' जैसी अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थाओं के सामने हमारा मजाक नहीं बनेगा?

अब जरा, शिवशक्ति के पीछे की राजनीति समझने की कोशिश करते हैं। अगर केंद्र सरकार का इरादा वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मिशन को बढ़ावा देने का होता तो वह 'इसरो' जैसी संस्थाओं का बजट बढ़ाता, लेकिन हकीकत तो यह है कि इसी साल के बजट में सरकार ने 'इसरो' का बजट 1100 करोड़ रुपए कम कर दिया है। यानी दो चंद्रयान मिशन के बराबर की राशि। आरोप तो ये भी लग रहे हैं कि चंद्रयान-3 मिशन के लिए 'लॉन्च पैड' बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। परोक्ष या प्रत्यक्ष तौर पर इससे भी चंद्रयान मिशन जैसे अभियानों से जुड़े 'इसरो' सरीखे संगठनों के आत्मविश्वास को बढ़ावा तो नहीं ही मिलता। अब जरा विदेश यात्रा से लौटकर सीधे 'इसरो' जाने और वहां वैज्ञानिकों से मिलकर प्रधानमंत्री ने जिन तीन बड़ी घोषणाओं का ऐलान किया, उन्हें देखते हैं। पहली, 23 अगस्त को हर साल भारत 'नेशनल स्पेस डे' मनाएगा। दूसरी- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह 'शिवशक्ति पॉइंट' कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पदचिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा।

इन घोषणाओं के राजनीतिक फायदे तो समझ आते हैं, पर वैज्ञानिक फायदे जानने के लिए रिसर्च की जरूरत पड़ सकती है। अगर पीएम 'इसरो' के लिए 2-4 हजार करोड़ के विशेष बजट का ऐलान कर देते, इस पूरे मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, स्टॉफ के लिए एक या दो महीने के वेतन के बराबर बोनस की घोषणा करते या अगले ऐसे ही मिशन के बजट में 10-15 फीसदी बढ़ोतरी की ही घोषणा कर देते तो बेहतर हो सकता था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि भले ही सरकार ने 'इसरो' के बजट को 13,700 करोड रुपयों से घटाकर 12,543 करोड़ रुपए कर दिया हो, वह चंद्रयान मिशन-3 को 2024 के अपने राजनीतिक मिशन की कामयाबी के लिए भुनाने में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहने देगी। चंद्रयान-3 की सफलता पर जिस तरह बधाईयों की विज्ञापनबाजी हो रही है, उससे इसे समझा भी जा सकता है।

अब, एक बार जरा यह भी सोचकर देखें कि 'शिवशक्ति' के नामकरण का 'इसरो' के ऐसे किसी वैज्ञानिक शोध या मिशन पर क्या असर पड़ेगा? यह सोचें कि क्या इस नामकरण के बाद भी 'इसरो' से जुड़ा हर वैज्ञानिक, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, पूरे जोश, जुनून के साथ अपने काम में जुटा रहेगा? जुटना ही चाहिए, देश को आगे ले जाने का मिशन है, पर मानव मन का क्या। क्या गैर-हिंदू वैज्ञानिकों में इस हिंदू नामकरण से कहीं-न-कहीं छोटी सी भावना आहत नहीं हुई होगी? हमें भरोसा है कि हमारे वैज्ञानिक देश की राजनीति में चल रही अवैज्ञानिक और स्वार्थी सोच से प्रभावित नहीं होंगे और देश को वैज्ञानिक सोच वाली नई राह पर ले जाने के प्रयासों में सफल होंगे। 'इसरो' चीफ एस सोमनाथ का बयान भी है कि मैं एक खोजकर्ता हूं, चंद्रमा का अन्वेषण करता हूं। विज्ञान और आध्यात्मिकता दोनों की खोज करना मेरे जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में, वेदों में, पुराणों में, स्पेस साइंस का अपार भंडार है। उसे आज के ज़माने से जोड़ने और ज्ञान के इस भंडार का उपयोग करने की ज़रूरत है। उन्होंने नौजवानों को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने की प्रेरणा देते हुए बताया कि देश को महाशक्ति बनाने में विज्ञान बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। यह उम्मीद की जानी चाहिए देश चांद पर चंद्रयान-3 जैसे मिशन और चांद को हिंदू राष्ट्र बनाने की घोषणा सरीखे दो परस्पर विपरीत विचारधारा वाले दोराहे पर खड़े होने के बावजूद अपने लिए वैज्ञानिक सोच और बेहतर भविष्य के लिए सही राह चुन पाएगा।

इस मौके पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की यह बात जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि मनुष्य चांद पर तो पहुंच गया, लेकिन धरती पर उसे कैसे जिंदा रहना है, यह नहीं सीख पाया। हम पक्षी की तरह आकाश में उड़ सकते हैं, हम मछली की तरह सागर में तैर सकते हैं, मगर हम इंसान की तरह धरती पर नहीं चल सकते। उम्मीद है कि अब हम धरती को भी ग्लोबल वार्मिंग, युद्ध, नफरत से बचाने और इंसानों के रहने लायक बनाने के मिशन में कामयाबी की तरफ बढ़ेंगे। ऐसा न हुआ तो सूर्य व शुक्र को लक्ष्य कर शुरू किए गए मिशन भले सफल हो जाएं, पर शायद हम न धरती बचा पाएंगे, न उसके इंसानों को।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री को बांधे रक्षा सूत्र



**सिरोंज, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बंगले पर पहुंचकर सिरोंज महिला टीम ने भाई बहन के असीम प्रेम अटूट रिश्ते पर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सभी बहनों को उपहार देकर रक्षाबंधन की बधाई दी।सिरोंज से प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस बिलकीस जहां,जिला महामंत्री नसरीन खान,सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष रानी साहू, किशवर जहां, परवीन खान प्रदेश प्रवक्ता बूथ मैनेजमेंट उपस्थित रहे।

### वन्दे मातरम् तथा राष्ट्रगान का हुआ सामूहिक गायन

**रायसेन, देशबन्धु।** सितम्बर माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह सहित अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान ''जन-गण-मन'' एवं राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम्'' का सामूहिक गायन किया गया।

### 2 आदतन अपराधी जिलाबदर

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी प्रहलाद उर्फ बबलू शर्मा पिता हरप्रसाद शर्मा निवासी गढ़ोईपुरा बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन एक साल के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 1990 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 22 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी प्रहलाद उर्फ बबलू शर्मा को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से एक साल के लिए निष्कासित किया गया है।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी ब्रजेश कुर्मी पिता रघुवीर सिंह निवासी चांदोनीगंज गैरतगंज जिला रायसेन को तीन माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2005 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 08 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी ब्रजेश कुर्मी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है।

### अहिरवार समाज ने किया प्रदर्शन महामहिम के नाम दिया ज्ञापन




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** पिछले दिनों खुरई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नैना गिरी बरोदिया मैं दबंगों द्वारा नितिन अहिरवार नामक युवक की निर्मम हत्या कर उसकी मां को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया इस दौरान दौरान बह घायल हो गई जिसे बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया है इस घटना से अहिरवार समाज में तीखा रोष व्याप्त है । समाज के लोग प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और महामहिम के नाम ज्ञापन तहसीलदार बासौदा को दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए उन्हें कठोर से कठोर सजा दी जाए ,परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय सेवा में रखा जाए ,और परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### वृद्ध व्यक्ति को चाकू मारकर किया घायल, 5 आरोपियों पर मामला दर्ज

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के सबलगढ़ थाना अंतर्गत मांगरोल गांव में गुरुवार की शाम पुरानी रंजिश पर पांच आरोपियों ने एक वृद्ध व्यक्ति की मारपीट कर चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लालाराम जाटव 62 वर्ष निवासी मांगरोल गुरुवार की शाम अतेंद्र जाटव के घर के सामने से गुजर रहा था, तभी पुरानी रंजिश पर आरोपी प्रशांत जाटव, हरी प्रताप, सतेंद्र, गजेंद्र एवं प्रेम जाटव ने वृद्ध का रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की एवं उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के पोरसा थाना अंतर्गत तेज सिंह की गड़ी गांव में बीती रात्रि एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पुत्री कमलेश सखवार 18 वर्ष ने रीति रात्रि अज्ञात कर्म के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आत्महत्या के कर्म का भी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस द्वारा राघवेंद्र की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# मिलते-जुलते नाम का फायदा उठाकर आरोपी ने निकाल लिए साढ़े 9 लाख

## बैंक प्रबंधन ने पल्ला झाड़ा, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**सिरोंज, देशबन्धु।** एक जैसे नाम का फायदा उठाकर एक ग्रामीण ने दूसरे ग्रामीण को 9.50 लाख रुपए की चपत लगा दी। घटना आइसीआइसीआई बैंक की बताई जाती है।

लटेरी तहसील के ग्राम नैनवास कला में माखन सिंह धाकड़ वह माखन सिंह अहिरवार ने सिरोंज शाखा में माखन सिंह धाकड़ की चेक बुक डाक से जब गांव में भेजी तो उसे माखन सिंह अहिरवार ने प्राप्त कर लिया और इसी बात का फायदा उठाकर माखन अहिरवार ने मिलते-जुलते हस्ताक्षर कर फरियादी के खाते से करीब साढे 9 लाख रुपए निकाल लिए। जिसकी गत 29 अगस्त को माखन सिंह पुत्र हजारी लाल धाकड (30) साल निवासी ग्राम मुरारिया थाना मुरवास जिला विदिशा ने थाना सिरोंज में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि माखन अहिरवार निवासी नैनवास कला थाना मुरवास द्वारा मेरी चैक बुक प्राप्त कर चैकों पर फर्जी हस्ताक्षर कर आवेदक के खाते से 25 अगस्त को 2 लाख रुपए एवं 28 अगस्त को 7 लाख 90 हजार रुपए निकाले हैं । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिरोंज में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

विवेचना दौरान आरोपी माखन सिंह पुत्र मोतीलाल अहिरवार निवासी ग्राम नैनवास थाना मुरवास की लगातार तलाश की गई । तलाश के दौरान आरोपी माखन सिंह पुत्र मोतीलाल अहिरवार उम्र 23 साल निवासी ग्राम नैनवास थाना मुरवास जिला विदिशा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर आरोपी से बैंक से निकाले गए 9,50,000/- (नौ लाख पचास हजार रूपये) तथा चैक बुक जप्त की गई । मामले में पक्ष जानने के लिए जब आइसीआइसीआई बैंक की सिरोंज शाखा से पत्रकारों ने संपर्क स्थापित करने की कोशिश की तो प्रबंधक ने किसी भी प्रकार की सूचना या जानकारी देने से इनकार कर दिया और यहां तक की बैंक के शटर गिरवा दिए,जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बैंक में पदस्थ कोई व्यक्ति भी इस अपराध में संलिप्त है।

# सामान्य भविष्य निधि अदालत 12 से 14 सितम्बर तक

**रायसेन, देशबन्धु।** शासकीय कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी द्वितीय) द्वारा 12 से 14 सितम्बर तक सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन विंध्याचल भवन भोपाल में किया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि 14 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक रायसेन जिले के शासकीय सेवकों के जीपीएफ से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

जिन शासकीय सेवकों के जीपीएफ राशि में गुमशुदा कटौत्रा है उनका त्वरित निराकरण, वांछित चालान/व्हाउचर्स के साथ लोक अदालत में उपस्थित होने पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जीपीएफ खाते में नाम या जन्मतिथि में त्रुटि होने की स्थिति में सही आईडी प्रूफ के साथ लोक अदालत में सुधार हेतु अभिदाता प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पटवारियों ने दिया धरना, कांग्रेस नेत्रियों ने किया मांगों का समर्थन




**सिरोंज, देशबन्धु।** म.प्र सरकार द्वारा लगभग 25 वर्ष से अपनी ग्रेड पे बढ़ाने की मांग पर अबतक कोई ध्यान न देने पर म.प्र पटवारी संघ के आहवान पर पटवारियों द्वारा अनिष्चितकालीन हड़ताल पर रहकर तहसील प्रागंण में शुक्रवार से धरना प्रदर्षन शुरू कर दिया गया।

पटवारी संघ अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि देष के अन्य राज्यों में पटवारियों को म.प्र से बढ़कर ग्रेड पे मिल रहा है मगर म.प्र में सबसे कम ग्रेड पे है जिसको बढ़ाने की मांग शासन से कई बार कि जा चुकी है। दोपहर को पटवारियों की मांग को समर्थन करने कॉग्रेस नेत्री बिलकिस जहां, रानी साहू, नसरीन बी ने समर्थन दिया। और शासन से पटवारियों की मांग पूरी करने की मांग कि। इसदौरान मनोज पाराषर, नीरज विष्वकर्मा, अध्यक्ष सुनील यादव, पंकज श्रीवास्तव, सुधीर जैन, आदि पटवारीगण मौजूद थें।

# 4 सितंबर से मंडी बंद रहेगी, व्यापारी संघ ने भारसाधक अधिकारी को दिया मांग पत्र



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** अनाज तिलहन व्यापारी संघ ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर 4 सितंबर 2023 से अपना कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया है पुक्त से की सूचना व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय अरोड़ा के नेतृत्व में व्यापारियों ने भारसाधक अधिकारी एसडीम को मांग पत्र सौंप कर दी है। मांग पत्र में कहा गया है कि , मंडी समितियां में पूर्व से आवंटित भूमि/सव रचनाओं पर भूमि एवं सवंरचनाओं पर भूमि एवं संवरचना आवंटन नियम2009 लागू नहीं किया जावे। एवं कलेक्टर गाइडलाइन से लीडरों का निर्धारण नहीं कर नॉमिनल दरों पर करने की मांग की गई है।

मांग पत्र में मंडी फीस दर एक प्रतिशत करने ,निराश्रित शुल्क समाप्त करने, मंडी अधिनियम की धारा 19??(2) धारा 19(4 )धारा 46 (ड) धारा 46(च )मैं संशोधन कर विलुप्त करने की मांग की गई है। मांग पत्र में लाइसेंस प्रतिभूति अनिवार्यता हटाई जाने, वाणिज्यिक सम व्यवहार की पृथक से अनुज्ञप्ति व्यवस्था एवं निर्धारित फीस 25000 रुपए की गई वृद्धि, समाप्त कर पूर्व निर्धारित फीस 5000 रुपए करने की मांग की गई है। मंडी समितियां को धारा 17 (2,) 14, एवं धारा 30 में प्रद त अधिकार शक्तियां यथावत रखी जाने एवं लेखा सत्यापन पुन: लेखा सत्यापन कार्यवाही समाप्त करने, कृषक खरीदी प्रतिभूति बढ़ाने के दावों पर रोक लगाने, विक्रेता की जोखिमपेट नवीन प्रतियोगिता जमा करने की पुरानी प्रतिभूति एक निर्धारित अवधि के बाद वापस करने, धारा 23 के अंतर्गत गाड़ियों को रोकने की शक्ति का प्रावधान की परिधि के बाहर जाकर मंडी बोर्ड कार्यालय स्तर पर गठित किए जाने वाले जाट दलों पर रोक लगाई जाने की मांग की गई है।

# धौलपुर से पेशी पर आ रहा आरोपी चलती ट्रेन से भाग निकला

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के सराय छोला थाना अंतर्गत बंधा की पुलिया के पास चलती ट्रेन से पुलिस कर्मी को चकमा देकर भाग निकला। सराय छोला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश आरंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक लज्जाराम पुलिस लाइन धौलपुर राजस्थान गुरुवार की सुबह एक आरोपी अंजीत सिंह गुर्जर पुत्र दामोदर 19 वर्ष निवासी नीम बसई धौलपुर राजस्थान को मुरैना कोर्ट पेशी पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से मुरैना ला रहा था, जैसे ही ट्रेन बधा की पुलिया के पास खंबा नंबर 1275/18 ,19 के पास पहुंची और रफ्तार धीमी पड़ी, तभी आरोपी पुलिस कर्मी को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। प्रधान आरक्षक लज्जाराम ने घटना की रिपोर्ट सराय छोला थाने में दर्ज कराई, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिये आवासीय सुविधा

**रायसेन,देशबन्धु।** प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर संस्थान में शिक्षा दिलाये जाने के मकसद से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन वर्गों के विद्यार्थियों के लिये जिला मुख्यालय पर 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। ब्लाक मुख्यालय में किराये के भवन में छात्रावास संचालित करने की योजना भी चलाई जा रही है। वर्ष 2023-24 में कन्या छात्रावास भवन के लिये 12 करोड़ रूपये और बालक छात्रावास भवनों के लिये 5 करोड़ 70 लाख रूपये का विभागीय बजट में प्रावधान किया गया है।

# रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया



**भेरुन्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र की ब्रह्माकुमारी बहनों ने भैरूंदा जेल के जेलर सहित कारागृह में बंद लगभग 65 कैदियों को राखी का पावन पर्व पर रक्षा-सूत्र बांधे । केंद्र की मुख्य संचालिका बी.के. माला बहन ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन में जो तिलक लगाते हैं, वह आत्म स्मृति का प्रतीक है। मुख मीठा कराना इस बात का सूचक है कि मुख से सदैव मधुर बोल ही निकले। हमारी जुबान से कभी दूसरों को दु:ख पहुंचाने वाले कटु वचन न निकले। इसी प्रकार रक्षासूत्र बांधने का मतलब जीवन में आगे बढ़ने के लिए कोई न कोई दृढ़ संकल्प करने का सूचक है। बी. के. नेहा ने बंधियों को अपने द्वारा किए गए पाप कर्मों को परमात्मा के आगे समर्पण कर सच्चे मन से प्रायश्चित कर अब से श्रेष्ठ कर्म कर अपना जीवन परिवर्तन कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की मंगल कामना की। बी.के. महेश भाई ने सभी को ध्यान के अभ्यास द्वारा परमात्मा से जोड़ा एवं आत्मा अनुभूति कराई। अंत में बी.के. विद्या बहन द्वारा सभी को परमात्म प्रसादी एवं ज्ञानयुक्त साहित्य वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में जेल जीतेन्द्र कुमार अम्बुलकर , जेल का समस्त स्टाफ एवं कैदी भाई उपस्थित थे।

# सरपंच ने निर्माण कार्यो पर लगी रोक हटाने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** म.प्र रोजगार गारंटी परिषद द्वारा 15 जून से 15 सितम्बर तक मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यो पर लगी रोक को हटाने व विभिन्न मांगो को लेकर सरपंच संघ ने एक ज्ञापन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, परियोजना अधिकारी सुरेष वर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार जगनप्रसाद सौर को सौंपा गया। जिसमें सरपंच संघ ने ज्ञापन में बताया कि पंचायतों में निर्माण कार्य कराने, नवीन कार्य स्वीकृत कराने , हितग्राही मूलक कार्य कूपनिर्माण,खेत तालाब निर्माण, मनरेगा में बोल्डर, चैक डैम, गेवियन स्ट्रेक्चर, कंटूर ट्रैंच ड्रॉय बोल्डर वाल, स्टॉप डेम, तालाब निर्माण, शांतिधाम/कब्रस्तान, अन्य शासकीय भवन निर्माण आदि, मनरेगा में बिना नोट के निर्माण कार्यो के वर्क कोड जनरेट करने का अधिकार ग्राम रोजगार सहायकों को देने, , मनरेगा अंतर्गत मस्टर रोल जनरेट करने का अधिकार ग्राम रोजगार सहायक को देने, सिक्योर पोटर्ल पर कार्यों के एस्टीमेट व टीएस /एएस 3 दिवस के अंदर करवाने के संबध में, पंचायतों के अंतर्गत सभी शासकीय भूमि को अतिमुक्त कराने,प्राथमिकता के आधार पर सीमांकन कराने, निमार्ण कार्यो में जनप्रतिनिधियों की अनुषंसा न मांग कर ग्राम पंचायत के ठहराव प्रस्ताव को ही प्राथमिकता देने, ग्राम पंचायतों में वाद विवाद की स्थिति में सचिव/रोजगार सहायक का स्थानांतरण करने के संबध में। सा ही ज्ञापन में बताया कि सिरोंज जनपद को छोड़कर जिले की सभी जनपदों में मनरेगा के तहत निर्माण कार्य स्वीकृत कर मस्टर जारी हो रहे है। ज्ञापन में मांग कि 3 दिन के अंदर मांगे पूरी न होने पर अनिष्चितकालीन हड़ताल को सरंपच विवष होगें। इसदौरान अध्यक्ष विक्रम धाकड़, राजेष साहू, संजीव गुर्जर, करतार यादव, बलवीर यादव, नसीम गौरी, श्री यादव आदि मौजूद थें।

# मच्छरों का प्रकोप: नपा अध्यक्ष ने दिए कीटनाशक छिड़कने के निर्देश



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** वर्षा काल में मच्छरों के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर द्वारा नगर के समस्त वार्डों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव एवं फॉगिंग मशीन चलाने के निर्देश दिए। जिसके पालन में नगर परिषद भेरुंदा द्वारा नगर के हर वार्ड वार योजना बनाकर कीटनाशक दवाईयां का छिड़काव प्रारम्भ किया गया । इसी प्रकार प्रति दिवस हर वार्ड में नगर परिषद सफाई कर्मचारियों द्वारा कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जाएगा साथ ही प्रति दिवस वार्डों में शाम के समय फार्मिंग मशीन चलाई जाएगी ।सभी वार्डो मे सफाई दरोगा की निगरानी मे कीटनाशक दवाई का छिडकाव एवं फागिंग मशीन चलवाई जाऐगी।

# बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते से किया जाएगा निराकृत

**रायसेन, देशबन्धु।** म.प्र.मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 9 सितम्बर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्ये क छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

## संभागीय आयुक्त कार्यालय में चंबल-ग्वालियर संभाग की बैठक संपन्न

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन हो

**मुरैना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। इसके लिये निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का चंबल-ग्वालियर संभाग के सभी जिलों में सख्ती से पालन हो, यह सुनिश्चित किया जाए। यह बात संभागीय कमिश्नर दीपक सिंह और एडीपीजी डी श्रीनिवास वर्मा ने चंबल एवं ग्वालियर संभाग के जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक में गुरूवार को कही। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा के लिये आयोजित इस बैठक में आईजी चंबल सुशांत सक्सेना, डीआईजी ग्वालियर कृष्णावेणी देशवस्तु सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

संभागीय कमिश्नर दीपक सिंह एवं एडीजीपी डी श्रीनिवास वर्मा ने निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिले अपने अंतर्राज्यीय सीमाओं से लगे हुए जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें। इसके साथ ही बॉर्डर पर नाकों की स्थापना भी की जाए। इन नाकों पर सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से भी निगरानी रखी जाए। जिलों का कम्युनिकेशन प्लान भी समय रहते तैयार कर लिया जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मध्यप्रदेश की सीमा से लगे हुए राज्यों में स्थायी वारंटियों की सूची भी शेयर की जाए। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी समय रहते पूर्ण कर ली जाए। निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये अवैध हथियार, अवैध शराब की धर-पकड का अभियान भी तेजी के साथ चलाया जाए। कमिश्नर दीपक सिंह ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वोटरों का सत्यापन भी जिला कलेक्टर कराएँ। इसके साथ ही आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष की आयु से अधिक के वोटरों की जानकारी भी जिला स्तर पर संग्रहित कर ली जाए।

एडीजीपी श्री वर्मा एवं चंबल आईजी श्री सक्सेना ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि स्थायी वारंटियों की धर-पकड का अभियान प्रभावी रूप से चलाया जाए। इसके साथ ही अवैध हथियार एवं अवैध शराब को पकडने के लिये भी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करें। अपने-अपने जिले के स्थायी वारंटियों की सूची अन्य राज्य की सीमाओं से लगे जिलों के पुलिस अधिकारियों को भी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिले में निर्वाचन के लिये की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### बाइक चालक ने 2 बाइक को मारी टक्कर, 3 गंभीर



**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही मार्ग पर ग्राम चंदोराखुर्द की सीमा क्षेत्र में वेयरहाउस के पास मार्ग से तेज गति से जा रहे अज्ञात बाइक चालक ने मार्ग से जा रही दो बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । जिसमें एक बालक का भी शामिल है। शुक्रवार दोपहर में ग्राम बाड़ेगांव निवासी मोहनसिंह निगम 34 साल पुत्र वेदांश 4 साल के साथ बाइक पर सवार होकर ग्राम आमाबघोली गए थे। ग्राम आमाबघोली से बहन गीता पति अंगद 40 साल को लेकर बाइक से ग्राम बाड़ेगांव लौट रहे थे। दोपहर 3:30 बजे के दरमियान मार्ग से तेज गति से आ रही अज्ञात बाइक के चालक ने मोहनसिंह की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से मोहनसिंह,वेदांत और गीता मार्ग पर गिर गए। इसके बाद अज्ञात बाइक के चालक ने मार्ग से जा रही बाइक सवार ग्राम तरोड़ाकला निवासी तरुण यदुवंशी 23 साल की बाइक को भी टक्कर मार दी। लेखराम के साथ बाइक पर अमित पवार 23 साल और जय राम 24 साल निवासी ग्राम बड़गांव सवार थे। दोनों बाइक को टक्कर मारने के बाद बाइक चालक मौके से बाइक लेकर भाग गया। दुर्घटना में एक बाइक पर सवार मोहनसिंह और उनके पुत्र वेदांश को और दूसरी बाइक पर सवार अमित को पैर में गंभीर चोट आई। अन्य तीन लोगों को भी चोट आई है। सभी घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार किया गया। वही गंभीर घायलों को उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### कलश यात्रा के साथ पुराण कथा का शुभारंभ, साधकों ने रोपे पौधे



**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम मंगोना कला मेंशुक्रवार से पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया।इसअवसर पर पूज्य गुरुदेव जी कि लाल मशाल मंगल कलशयात्रा की शोभा बनी। साथ ही सैकड़ो ग्रामीण भाई बहनों के द्वारा सिर पर कलश रख कर शोभायात्रा निकाली गई।जिसकागांव के भाई बहनों ने भव्य स्वागत किया गया। ग्राम भ्रमण के पश्चात 40 दिवसीय साधना अनुष्ठान पूर्ण करने वाले भाई बहनों ने एक एक पौधा गोद लेकर ,गायत्री प्रज्ञा पीठ मंगोना कला एवम स्कूल परिसर में रोपण किया । योगेश सराटकर व्यवस्थापक गायत्री प्रज्ञा पीठ मंगोना कला द्वारा सभी क्षेत्र के भाई बहनों को 3 सितंबर 2023 को पांच कुंडिया गायत्री यज्ञ पूर्णाहुती में आने का निमंत्रण दिया। 40दिवसीय साधना अनुष्ठान कर रहे भाई बहनो की साधना पूर्ण होने पर 3सितंबर को 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवम प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से साधना की पूर्णाहुति संपन्न होगी। इस कार्यक्राम में ग्राम बघोड़ा,से यादोराव गणेशे, नरखेड़ से संकर खांडे , साकरे जी, नारायण सिंह चौहान, सुभाष कुम्भारे,महादेव झरबड़े, श्यामराव बारस्कर सुभाष मस्की सहित ग्रामीण भाई बहने युवा साथी उपस्थित थे।

### भुजरिया पूजन कर नदी में किया विसर्जित ग्रामीणों ने एक दूसरे को भुजरिय भेट की

**सारनी, देशबन्धु।** भाईचारे और सद्भाव का त्योहार भुजलिया बड़े हर्ष उल्लास के साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया शहरी क्षेत्र में पश्चिमी सभ्यता हावी होने की वजह से अब यह धीरे-धीरे लुप्त हो रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी भुजलिया को नदी में विसर्जन करके एक दूसरे के बीच वितरण करके आशीर्वाद लेने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 31 अगस्त को ग्राम में रानीपुर, कुही,हीरावाडी, मयावनी सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण अंचलों में भुजरिया पर्व परम्परागत रूप से मनाया गया। भुजरिया पर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही खासा उत्साह का माहौल नजर आ रहा था।

---

एस पी ने दो निर्भया मोबाइल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## महिलाओं और बच्चियों को मिलेगी सुरक्षा

▶ लर्निंग सेंटर का फीता काटकर किया शुभारंभ



**बैतूल, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय पर शुक्रवार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दो स्कूटी निर्भया मोबाइल के रूप में पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ,शहर में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, स्कूल कॉलेज के समय छेड़छाड़ को रोकने एवं महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा हेतु निर्भया मोबाइल लगातार गंज एवं कोतवाली थाना क्षेत्र में भ्रमण करेंगे।

उपरोक्त मोबाइल में दो-दो महिला आरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें कंट्रोल द्वारा सूचना मिलने पर पॉइंट में तत्काल पहुंचकर कार्यवाही करेंगी, उपरोक्त मोबाइलों को हरी झंडी दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए दो अतिरिक्त मोबाइल स्कूटी मोबाइल मिलने से कानून व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा साथ ही शहर में दोनों निर्भय मोबाइल चलने से महिलाओं एवम बच्चियों में सुरक्षा के साथ आत्मविश्वास की वृद्धि होगी एवं ऐसे असामाजिक तत्व जो छेड़छाड़ एवम अन्य गतिविधियों में शामिल होते हैं उनके अंदर दहशत का माहौल बनेगा

**लर्निंग सेंटर का भी किया उद्घाटन**

पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी ड्यूटी में अधिकतर व्यस्त रहने की वजह से अपने परिवार के बच्चों पर विशेष ध्यान नहीं रख पाते,जिसकी वजह से उनके करियर में समस्या उत्पन्न होती है ,इसी बात को ध्यान रखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देश अनुसार लार्निंग सेंटर खोला गया है , इस लर्निंग सेंटर पर पुलिस कर्मचारियों के बच्चों के भविष्य में सुधार करने ,शैक्षणिक विकास तथा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं तैयारी ,बच्चों के लिए अच्छे जॉब करियर के लिए आईआईटी, नर्सिंग, एमपीपीएससी, पटवारी, सब इंस्पेक्टर, शिक्षक/ प्राध्यापक की परीक्षाओं की बेसिक तैयारी करने के साथ स्किल डेवलपमेंट के संबंध में विचार विमर्श कर बच्चों के करियर की तैयारी के जाएगी, जहां शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षकों को बुलाकर विधिवत शैक्षणिक कार्य कराया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, रक्षित निरीक्षक दिनेश मर्सकोले, थाना प्रभारी गंज देवकरण डेहरिया, एसबी प्रभारी मनीष डेहरिया, निरीक्षक मुकेश ठाकुर थाना प्रभारी अजाक, डीएसबी प्रभारी नित्यानंद विश्वास ,उप निरीक्षक नवीन सोनकर एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा ।

---

बड़ा हादसा टला : सूर्यनारायण सरोवर में उतरीस्कूल वेन

## कूदकर छात्रा ने बचाई जान



**मुलताई, देशबन्धु।** एक निजी स्कूल की वैन आज सुबह अचानक चलने लगी और सूर्य नारायण सरोवर में उतर गई। यह तो गनीमत रही कि सरोवर में उतरते ही वैन कीचड़ में फस गई, जिससे वह गहरे पानी में नही जा पाई। वैन के अचानक सरोवर में उतरते ही उसमें बैठी एक छात्रा घबरा गई और उसने वैन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में जान-माल की हानि नहीं हुई।

जानकारी के मुताबिक वीआईपी स्कूल की एक वैन जो बच्चों को लाने ले जाने का काम करती है, नेहरू वार्ड में मैदान में खड़ी हुई थी, जिसमें स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की एक छात्रा बैठी हुई थी। इसी बीच ड्राइवर अन्य बच्चों को लेने के लिए चला गया, अचानक वैन का गियर न्यूट्रल हो गया और वैन चलने लगी और तालाब में जाकर कीचड़ में फस गई। वैन में बैठी 11वीं की छात्रा ने वैन में से कूद कर अपनी जान बचाई। लगभग 5 सौ मी ढलान पर लुढ़कने के बाद सूर्य नारायण सरोवर में जा घुसी। गनीमत रही कि उसे समय वन में कोई भी बच्चे नहीं थे। ड्राइवर ने बताया कि मैं बच्चों को लेने के लिए गया हुआ था, अचानक गियर स्लिप होने से वैन चलने लगी थी। वैन केसरोवर में घुसने की सूचना मिलते ही आसपास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। स्कूल के दूसरे वाहन को लाकर उस वैन को खींचकर बाहर निकाला गया।

---

## धनोरी पंचायत के खगगढ टिपानापुर पहुंचे विधायक निलय डागा, विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



**आठनेर, देशबन्धु।** शुक्रवार को क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक श्री निलय डागा धनोरी पंचायत के ग्राम खडगढ टिपानापुर पहुंचे यहां पर उनकई निधि से स्वीकृत चौपाल का भूमिपूजन कार्यक्रम किया है। कार्यक्रम में विशेष रुप से जंप सदस्य पंकज बंजारे राधेलाल पटेल हर्षवर्धन धोटे मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक ने ग्रामीण जनता से हाल चाल भी जाने गांव में मंदिर में अच्छी बारिश की कामना के लिए इक्का कार्यक्रम शुरू किया था जहां विधायक श्री निलय डागा पहुंचे और भगवान से शीघ्र बारिश की कामना भी की। पंकज बंजारे ने बताया है कि शुक्रवार 1 सितंबर को क्षेत्रीय विधायक श्री निलय डागा पहुंचे थे। क्षेत्र में उनकी निधि से स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। विधायक निलय डागा के निजी सहायक प्रफुल्ल पाल भी मौजूद रहे।

## गरीबों को 5 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन, दीनदयाल रसोई का शुभारंभ आज



**सारनी, देशबन्धु।** अब शहर के गरीब और जरूरतमंद लोगों को 5 रुपए में भरपेट भोजन मिल जायेगा। शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में दीनदयाल रसोई की शुरुआत शनिवार दो सितंबर को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष जगदीश पवार की उपस्थिति में होगी।

दीनदयाल रसोई नवीन केंद्र का शुभारंभ एवं आवासहीन भूमि हितग्राहियों को पट्टो का वितरण कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वेबकॉस्ट के माध्यम से करेंगे।उक्त कार्यक्रम नगर पालिका परिषद सारनी के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।इसके बाद टप्पा तहसील कार्यालय परिसर मे स्थित नवीन दीनदयाल रसोई केंद्र का शुभरंभ होगा।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

---

पार्षद ने लगाए उदासीनता के आरोप, बोले

## नपा के स्वास्थ्य निरीक्षक पार्षदों का नहीं उठाते हैं फोन



**सारनी, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद जफर अंसारी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से स्वास्थ्य निरीक्षक की शिकायत करके वार्ड में साफ सफाई दुरुस्त किए जाने की मांग की है। श्री अंसारी ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी की वजह से मौसमी बीमारी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पैर पसार रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में महात्मा गांधी वार्ड में नियमित साफ सफाई न होने के कारण वार्ड में जगह-जगह कचरा का ढेर लगा हुआ है जिसकी वजह से वार्ड में मौसमी बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी के स्वास्थ्य निरीक्षक कमल किशोर भावसार से फोन पर अनेकों बार संपर्क करने का कार्य किया गया, लेकिन वह निर्वाचित पार्षदों का फोन उठाना उचित नहीं समझते हैं यही वजह है कि वार्ड में साफ सफाई न होने के कारण मौसमी बीमारी लगातार वार्ड में फैल रही है। श्री अंसारी का आरोप है कि सर्दी खांसी बुखार शरीर में ऐंठन के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिसे देखते हुए पार्षद श्री अंसारी के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत देकर वार्ड में नियमित साफ सफाई किए जाने की मांग की है।

## अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

### धान और मक्के की फसल हो रही प्रभावित

**सारनी, देशबन्धु।** अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की परेशानी से ग्रामीण परेशान हैं। बिजली के अभाव में उनकी धान और मक्के की फसल प्रभावित हो रही है। अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज संपूर्ण शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए परेशानी का कारण बन गया। इधर ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में घोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज होने की वजह से किसान अपने खेत में लगे धन और मक्के को पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहा है। बताया जाता है कि सलैया,सुखाढना, जाजुलपुर,जजाबोरी, कोलगांव,रेय्या वाड़ी, दुलारा,गाताखेड़ा,बाकुड सहित दर्जनों गांव में कम वोल्टेज की वजह से सिंगल फेस की मोटर नहीं चल पा रही है। जिसकी वजह से किसान अपने धन और मक्के की फसल को पानी नहीं दे पा रहा है, ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश का माहौल बढ़ता जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन की तैयारी में जुड़ गए हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 2-4 दिन के भीतर दर्जनों गांव के हजारों किसान बिजली कार्यालय का घेराव करके बिजली नियमित और लो वोल्टेज की परेशानी को हटाने की मांग करेंगे।

## विश्व वाहन चालक दिवस के अवसर पर ड्राइवरों का किया गया सम्मान

### कार्यक्रम में नहीं पहुंचे आमंत्रित अधिकारी

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के बस स्टैंड पर कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा के समक्ष 1 सितंबर दिन शुक्रवार को मां ताप्ती बस एजेंट एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय संत गाडगे बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में विश्व वाहन चालक दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ड्राइवरो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के वाहन चालक उपस्थित हुए। पहली बार सम्मान पाकर समस्त वाहन चालकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुलताई के इतिहास में पहली बार वाहन चालकों के सम्मान में विश्व चालक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। एसोसिएशन के संतोष राय ने बताया कि हर वर्ग के लोगों को कहीं ना कहीं सम्मानित किया जाता है, लेकिन वाहन चालक सम्मान से वंचित रह जाते थे। 1 सितंबर को विश्व वाहन चालक दिवस होने की जानकारी लगी, जिसके बाद कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से बस चालक जगदीश सेवतकर, रामरतन छेरकी, खलील अहमद, नगर पालिका फायर ब्रिगेड चालक राहुल चंडालिया, धनराज पवार, ऑटो एंबुलेंस चालक, सतीश पवार, राजेश पवार, जननी 108 चालक योगेश मुसरे, नितेश पवार, डायल हंड्रेड चालक, रमेश भावसार एवं अजाबराव साहू आदि ड्राइवरो को श्रीफल, गमछा और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वाहन चालकों के सम्मान समारोह के आयोजन में मां ताप्ती बस एजेंट एसोसिएशन द्वारा मुलताई के राजस्व एवं पुलिस विभाग के प्रमुख अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। लेकिन कोई भी अधिकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। जिसकी वजह से आयोजको एवं वाहन चालको को निराशा हुई। आयोजनों का कहना था कि बड़े-बड़े आयोजनों में तो अधिकारी अक्सर कर शामिल होते हैं, कभी हमारे छोटे कार्यक्रमों में भी अधिकारियों को शामिल होना चाहिए। यदि आज आयोजित कार्यक्रम में वे शामिल होते तो हमे और खुशी होती। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष किसन दास उदासी, मीडिया प्रभारी मोनू पालीवाल, राजेश ठाकरे, अब्दुल कादिर, श्याम सेवतकर, शेख जानी, सतीश बारंगे, नवीन मराठा, रमेश आदि उपस्थित रहे।

---

## ग्रामीण के साथ मारपीट करने वाले पिता पुत्रों को एक- एक वर्ष का कारावास

**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम बोरगांव निवासी ग्रामीण के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने दोषी ठहराते हुए एक एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है।

प्रकरण में अभियोजन का संचालन करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी धर्मेश शर्मा ने बताया फरियादी हीरा सिंह पिता फकरिया सिंह, उम्र 52 साल, निवासी बोरगांव ने बोरदेही पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह 18 मई 2018 को शाम 4:30 बजे के दरमियान खेत में स्थित कुएं से पानी लाने के लिए बैलगाड़ी पर कोठी रखकर खेत गया था। उसी दौरान उसके खेत में लगी गन्ना की फसल प्रेम सिंह और उसके पुत्र प्रवीण सिंह, गोविंद सिंह काट रहे थे तीनो से खेत की गन्ने की फसल काटने का कारण पूछा तो गोविंद ने अपशब्दो का प्रयोग करते हुए विवाद किया ।वही प्रेम सिंह ने फरियादी हीरा सिंह के हाथ पकड़ लिए और प्रवीण ने मारपीट की। विवाद के दौरान प्रेमसिंह ने एक पत्थर उठाकर फरियादी के बाएं हाथ के पंजे पर मारा। साथ ही गोविंद सिंह और प्रवीण सिंह ने भी फरियादी हीरा सिंह के साथ मारपीट की ।

बोरदेही पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी प्रेम सिंह पिता सवाई सिंह, गोविंद सिंह पिता प्रेम सिंह और प्रवीण सिंह पिता प्रेम सिंह तीनो निवासी समरथ ढाना के खिलाफ धारा 341, 294 ,323/34 ,325/34,506 के तहत केस पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।न्यायाधीश ने प्रकरण की सुनवाई उपरांत आरोपी प्रेमसिंह और उसके पुत्र आरोपी गोविंद सिंह और प्रवीण सिंह को दोषी ठहराते हुए एक एक वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक आरोपी को एक एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

---

जन जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ

## मुलताई को जिला बनाओ आंदोलन का ताप्ती तट से हुआ शंखनाथ

▶ अनिश्चितकालीन आंदोलन की बनी रूपरेखा



**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई को जिला बनाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाथ हो गया। मुलताई को जिला बनाओ समिति के पंडित सौरभ जोशी, सुमित शिवहरे, हनी खुराना, संदीप कामडी, राजेश कडूकार , रॉबिन परिहार,कृष्णा साहू ,लोकेश यादव सहीत बड़ी संख्या में जिला बनाओ समिति सदस्यों ने ताप्ती मंदिर पहुंचकर मां ताप्ती की पूजा अर्चना कर जन जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान का आरंभ किया। आंदोलन के प्रथम चरण में जय स्तंभ चौक से युवा कार्यकर्ता मुलताई को जिला बनाओ, अभी नहीं तो कभी नहीं, जैसे नारे लगाते हुए और नागरिकों के हस्ताक्षर करातेहुए रैली के शक्ल में फवारा चौक पहुंचे। जहां पर जिला बनाओ समिति सदस्यों ने अपने विचारों से व्यापारी और आम नागरिकों को अवगत कराते हुए उनसे इस अभियान में समर्थन की अपील की। नगर के व्यापारियों ने भी दुकान से बाहर निकल कर इस अभियान में अपनी सहभागिता का आश्वासन देते हुए हस्ताक्षर अभियान के सहभागी बने। जुम्मे का दिन होने कारण मस्जिद के सामने बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई मौजूद थे, उन्होंने इस जिला बनाओ अभियान का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर पत्रक पर हस्ताक्षर किए और जिला बनाने की मांग की।

**मुख्यमंत्री के नाम मंडल अध्यक्ष को सौपा ज्ञापन**- जिला बनाओ समिति के सदस्यो ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मंडल अध्यक्ष गणेश साहू को सौप जिला बनाने का मांग की इस ज्ञापन में कहा गया है कि मॉ ताप्ती की उद्गम स्थली मुलताई का पौराणिक, धार्मिक महत्व है तथा मुलताई से 250 गावों का सीधा संपर्क है । कई वर्षों से मुलताई को जिला बनाने हेतु मॉग की जा रही है किंतु हल नहीं निकला। मुलतापी नामरकण कर मुलतापी जिला घोषित किया जाये जिसमें मुलताई, पट्टन, बोरदेही क्षेत्र के सम्पूर्ण क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र को सम्मिमिलित किया जाए।

**जिला बनाओ समिति की बैठक मे आंदोलन की बनाई रूपरेखा**- पत्र अभियान एवं कांग्रेस बीजेपी को सूचना पत्र सौपने के उपरांत फवारा चौक पर स्थित हनी खुराना के प्रतिष्ठान पर मुलताई को जिला बनाओ समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें अनिश्चितकालीन चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई। जिसके तहत 2 सितंबर को शहीद स्तंभ,झंडा चौक बस स्टैंड पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद में जन जागरण मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। सोमवार से इसी स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ होगा। इसके साथ मुलताई को जिला बनाओ समिति के कार्यकर्ता मुलताई क्षेत्र के बड़े-बड़े ग्राम प्रभात पट्टन, बीरूल,बोरदेही, , दुनावा आदि स्थानों पर जन जागरण अभियान के लिए समितियां का गठन करेंगे और लोगों से मिलेंगे।

### हर समस्या के समाधान की मांग का अंजाम आंदोलन ही क्यों...?

मुलताई नगर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि आंदोलन से ही जुड़ी रही है। चाहे स्वतंत्रता संग्राम हो या कॉलेज आंदोलन मे कर्फ्यू लगना। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की बात हो या किसान आंदोलन या मुलताई ट्रेन स्टॉपेज की बात हो या फीर हाल ही में लोकेश गीदकर द्वारा स्वयं के खर्च से जिले का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज लगाने का मामला हो नगर को बगैर आंदोलन के कभी कुछ नहीं मिला। और नगर की सोई हुई राजनीति भी जब आंख खोलती है जब आंदोलन अपनी सीमा लाघ जाता है। आज भी वर्तमान कांग्रेस विधायक सुखदेव पांसे एवं पूर्व भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख सहित भाजपा नेताओं ने मुख्य मंत्री के नामपत्र लिखकर मुलताई को जिलाबनाए जाने की मांग की है और यह तब किया है जब आंदोलन प्रारंभ हो गया।इस आंदोलन में शामिल होने वालों में सुमित शिवहरे ,सौरभ जोशी, राजेश कडूकार ,हनी खुराना, राजू चौबे, जेडी पाटिल, लोकेश यादव, लोकेश देशमुख, अनीश नायर, कृष्णा साहू, पवन पाटेकर, सौरभ कड़वे, सुनील बारंगे, संदीप कॉमेडी,सलीम खानआदि प्रमुख है।

## सार समाचार

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जमानी में महायज्ञ एवं शोभायात्रा

**इटारसी, देशबन्धु।** परोपकारिणी सभा अजमेर द्वारा ग्राम जमानी में संचालित महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जमानी में महायज्ञ होगा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुरुकुल के प्राचार्य आचार्य सत्यप्रिय ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी एवं गुरुकुल आश्रम जमानी के अध्यक्ष हेमंत दुबे मुख्य अतिथि रहेंगे। विशेष अतिथि गुरुकुल आश्रम के उपाध्यक्ष रवि कुमार वर्मा बैतूल बाजार, रामविलास चौधरी रहेंगे।

### दीनदयाल रसोई का शुभारंभ आज, पांच रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना दीनदयाल रसोई का शुभारंभ कल 2 सितंबर, शनिवार को सुबह 10 बजे आजीविका केंद्र सिटी थाने के साइड में किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा दीनदयाल रसोई का शुभारंभ करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि दीनदयाल रसोई अजीविका केंद्र सिटी थाने के साइड में संचालित होगी। यहां जरूरतमंदों को 5 रुपए में भरपेट भोजन प्राप्त होगा।

### वितरण ट्रांसफार्मर असफल होने की शिकायत टोल फ्री नं. 1912 पर दर्ज कराएं

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मॉनसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर असफल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के पास विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कॉल सेन्टर के टोल फ्री नंबर 1912 एवं मोबाइल एप 'उपाय (क्क्ष्) का विकल्प मौजूद हैं। उपभोक्ता इन विकल्पों में से किसी भी एक विकल्प का उपयोग कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित वितरण ट्रांसफार्मर के असफल होने संबंधी शिकायतें या सूचना दर्ज करा सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने मोबाइल में प्ले स्टोर के माध्यम से उपाय एप को डाउनलोड कर एवं उसके उपयोग से भी अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं अथवा 1912 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध है।

### मतदाताओं को जागरूक करने वाहन रैली निकाली



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम श्री नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत पचमढ़ी में मतदाता जागरूकता के लिए वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में टैक्सी संघ पचमढ़ी द्वारा बड़ी संख्या में जिप्सी वाहन उपलब्ध कराये गये। वाहन रैली में पचमढ़ी की शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, आर्मी एजुकेशन पचमढ़ी के बीएड ट्रेनर आदि बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। उक्त रेली में चुनाव की महत्वता स्लोगन का वाचन किया गया, उक्त रैली को तहसीलदार पिपरिया श्री वैभव वैरागी द्वारा झंडी दिखा कर रवाना किया गया। रैली में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रविप्रकाश नायक, एवं आयोजन हेतु समस्त स्टाफ ने भाग लेकर रैली को सफल बनाया। रैली समापन के उपरान्त पर तहसीलदार पचमढ़ी / पिपरिया द्वारा टॅक्सी संघ, स्कूलों के शिक्षक, छात्र-छात्राओं एवं साडा पचमढ़ी का आभार व्यक्त किया गया।

बिजली समस्या को लेकर किसानों ने की जमकर नारेबाजी

# 5 सालों से ग्राम धुरगाड़ा में नहीं लगी है डीपी



**इटारसी, देशबन्धु।** कांग्रेस आईटी सेल सिवनी मालवा विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश पांडे के नेतृत्व में ग्राम के ग्रामीण किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

### लोग परेशान हैं वोल्टेज की समस्या बहुत ज्यादा है

पांडे ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन में बिजली विभाग द्वारा समस्या का निराकरण नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्राम धुरगाड़ा में विगत 5 सालों में ग्राम पर डीपी नहीं लगी है, ग्रामीण सोनू यादव ने बताया बड़े अधिकारी से संपर्क करने के बाद उनसे बस आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। डीपी नहीं लगने से वोल्टेज की समस्या दिन प्रतिदिन बहुत ही ज्यादा बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों को बहुत नुकसान होता है, बिजली उपकरण जलते हैं। ग्रामीण लोग बहुत परेशान हैं बिजली विभाग के जवाबदार अधिकारी समस्या को जल्द से जल्द सुलझाया जाए और जल्द ही इसका निराकरण किया जाए और डीपी को लगाया जाए वोल्टेज की समस्या के कारण डीपी लगातार जल रही है विरोध करने वालों में कांग्रेस आईटी सेल सिवनी मालवा विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश पांडे, रामकुमार वर्मा, जसमैन यादव, हरिशंकर यादव, दुर्गा यादव, आनंद यादव, उमेश यादव, बिट्टू यादव, अनिल सराठे, विश्राम यादव, आनंद यादव, नितेश यादव, गौरी यादव, केशव यादव, शिवकिशोर यादव, वीरेंद्र यादव समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्राइवेट नर्सिंग होम संचालकों की स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर

# प्रतिमाह बैठक आयोजित की जाए: कलेक्टर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में संचालित प्राइवेट नर्सिंग होम्स की प्रतिमाह बैठक आयोजित की जाएं। बैठक में मातृत्व मृत्यु दर, टीकाकरण, रैफरल सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर समीक्षा कर प्रतिमाह रिपोर्ट दें। यह निर्देश कलेक्टर नर्मदापुरम श्री नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सीएमएचओ को दिए। उन्होंने बैठक में मातृत्व मृत्यु दर के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित महिला के परिजनों से भी चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पांजराकला निवासी गर्भवती महिला कल्पना चौरे की मृत्यु के प्रकरण में जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश सीएमएचओ को दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर आदि स्वास्थ्य संबंधी जांचे समय-समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ की जाए। जिला स्तरीय टीम से गर्भवती महिलाओं की इन जांचों का क्रॉस वेरिफिकेशन भी कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने दस्तक अभियान एवं सघन मिशन इंद्रधनुष 0.5 क्रियान्वयन की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि दस्तक अभियान में चिह्नित किए गए गंभीर कुपोषित बच्चे, एनीमिक बच्चे एवं जन्मजात विकृति से ग्रसित बच्चों का बेहतर उपचार प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को डाटा संबंधी अशुद्धियों को भी दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश दहलवार सहित सभी बीएमओ उपस्थित रहें।

पुरानी पेंशन योजना और निजीकरण को लेकर हुई चर्चा

# बीएमएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दौरा, कर्मचारी नेताओं ने की चर्चा



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उद्योग प्रभारी एमपी सिंह अल्प प्रवास पर आयुध निर्माणी पहुंचे। शुक्रवार शाम सिंह ट्रेन द्वारा केरल के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय संगठनों के पदाधिकारियों ने उद्योगों की समस्या, कर्मचारियों के शोषण, केन्द्रीय संस्थानों में बढ़ते निजीकरण एवं पुरानी पेंशन योजना लागू कराने समेत अन्य मुद्दों पर सिंह से चर्चा की। रेलवे स्टेशन पर आयुध निर्माणी नेता कुलदीप चौधरी, अमित बाजपेयी, पोस्टल विभाग से राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेश कुमार शर्मा, परिमंडल अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, संभागीय खजांची पवन कुमार सिंह, रेल विभाग पियूष लिंगायत सहित अन्य औद्योगिक यूनियन पदाधिकारियों ने सिंह से चर्चा कर सरकारी नीतियों में सुधार की मांग की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमपी सिंह रेलवे, आयुध निर्माणी एवं पोस्टल विभाग से संबधित कर्मचारी यूनियनों के संगठन प्रभारी हैं। सिंह ने कहा कि सरकार से लगातार बीएमएस चर्चा कर रही है, भविष्य में कर्मचारी हितों से जुड़े अहम मुद्दों पर गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे।

### सोमवार से व्यापारी अनिश्चितकाल के लिए नीलामी में भाग नहीं लेंगे

**इटारसी, देशबन्धु।** सोमवार 4 सितंबर से व्यापारी अनिश्चितकाल के लिए मंडी में नीलामी कार्य में शामिल नहीं होंगे। मध्यप्रदेश सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ समिति की प्रदेश स्तरीय मीटिंग में यह निर्णय लिया गया है। इसकी सूचना आज दि इटारसी ग्रेन एंड सीड्स मर्चेन्ट्स एसोसियेशन के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल के हस्ताक्षर से मंडी सचिव को एक पत्र के माध्यम से दे दी है।

पत्र में कहा गया है कि मध्यप्रदेश सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ समिति की बैठक 29 अगस्त को उज्जैन में आयोजित की गई थी। इसमें निर्णय लिया गया था कि 4 सितंबर सोमवार से अनिश्चितकाल के लिए प्रदेश की सभी मंडियों में नीलामी कार्य बंद रखा जाएगा। ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन एवं न्यू ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन ने भी इस बंद का समर्थन किया है, अत: इटारसी कृषि उपज मंडी परिसर में भी व्यापारी नीलामी कार्य से विरत रहेंगे।

# ऋतिक मौत फिलहाल दुर्घटना, तथ्य मिले तो दूसरे एंगल से भी होगी जांच

**इटारसी, देशबन्धु।** डाउन भोपाल रेल लाइन पर नई गरीबी लाइन के पास खंभा नंबर 746/26/23 के पास ऋतिक पिता शैलेन्द्र उम्र 24 की मौत के मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तथ्यों के आधार पर जांच करने को कहा है। कल ऋतिक पिता शैलेन्द्र 24 वर्ष, निवासी सैलानी बाबा के पास नाला मोहल्ला, हाल निवास भोपाल का शव रेल लाइन पर मिला था। पुलिस ने पीएम कराके शव परिजनों को सौंप दिया था।

टीआई गौरव सिंह बुंदेला के अनुसार पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है, फिलहाल पुलिस ने ट्रेन दुर्घटना से मौत होना माना है, लेकिन परिजनों की शिकायत के बाद यदि ऐसे कोई तथ्य पाये गये जो संदेह जताते हों तो उसके अनुसार भी जांच की जाएगी।

ऐसा बताया जाता है कि ऋतिक अपनी बहन से राखी बंधवाने के लिए भोपाल से इटारसी आया था। परिजनों का कहना है कि उसे किसी के साथ देखा गया था, इसके बाद उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। रेलवे ट्रैकमैन राकेश पिता लखनलाल केवट 29 वर्ष निवासी 18 बंगला ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। शव मिलने के बाद परिजनों ने उसके साथ कोई घटना होने की आशंका जतायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर साक्षरता सप्ताह आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारत सरकार के निर्देशानुसार 8 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जाना है। इसी अनुक्रम में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो महाविद्यालयों के छात्र, छात्राओं शिक्षकों, एमएड बीएड डीएलएड के प्रशिक्षणार्थी समुदाय के सदस्यों गृहणिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायती राज संस्थाएं, अन्य विभागों के स्वसहायता समूह के शिक्षित कार्यकर्ता सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी एवं नगर पालिका के कार्यकर्ता का सहयोग लिया जाकर असाक्षरों का घर-घर सर्वे किया जाना है। इस संबंध में नियंत्रक साक्षरता कार्यक्रम डॉ. राकेश दुबे ने जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी का कहा है कि वे साक्षरता सप्ताह के तहत छात्र, छात्राओं एवं अन्य सर्वेकर्ता द्वारा जानकारी भरी जाएगी एवं सर्वे उपरांत प्राप्त प्रपत्रों को सामाजिक चेतना केन्द्र स्तर पर शिक्षकों एवं नोडल अधिकारी द्वारा संकलित किया जाना है। इसके अतिरिक्त साक्षरता सप्ताह के प्रत्येक दिवस की गतिविधि गूगल ट्रैकर के माध्यम से भेजी जाएगी और जिसकी लिंक व्हाट्सअप ग्रुप पर राज्य स्तर से भेजी जाएगी। साक्षरता सप्ताह के तहत कार्यवाही एवं गतिविधि कैलेण्डर के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित जारी किये गये है।

### कलेक्टर एवं एसपी ने की विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में वीसी के जरिए आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की विधानसभावार समीक्षा की। उन्होंने रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं एसडीओ पुलिस से उनके क्षेत्र में चिन्हित क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने आदतन अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कार्यवाही बाउंडोवर की कार्यवाही भी कर रिपोर्ट दे।



कलेक्टर श्री सिंह ने मतदाता सूची के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन की कार्यवाही भी की जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एसएस रावत उपस्थित रहें। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य अधिकारी वर्चुअली वीसी में शामिल हुए।

# टौरिया में अब नहीं रहेगी पानी की किल्लत: हरिशंकर खटीक



**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टौरिया मे पेयजल की समस्या का समाधान करते हुए मुख्यमंत्री पेयजल योजना की मंजूरी मिल चुकी है। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गीता-बृजेश अहिरवार के द्वारा किए गए विशेष प्रयासों से अंतत: गांव की मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री पेयजल योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। बताया गया है कि ग्राम पंचायत टौरिया में गर्मी शुरू होते ही पानी की समस्या की किल्लत प्रारंभ हो जाती थी। ग्रामवासी वर्षों से पेयजल समस्या से जूझ रहे थे। नवनियुक्त सरपंच श्रीमती गीता बृजेश अहिरवार ने सर्वोच्च प्राथमिकता पर पेयजल समस्या दूर करने का लक्ष्य रखा। उनके द्वारा स्थानीय विधायक माननीय श्री हरिशंकर जी खटीक को उक्त समस्या से अवगत कराया गया। इसके बाद जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के द्वारा मुख्यमंत्री पेयजल योजना में टौरिया गांव को सम्मिलित किये जाने के प्रयास शुरू किए गए।

बताया गया है कि उक्त कार्य के टेंडर हो गए हैं एवं कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जा रहा है। पेयजल योजना की लागत राशि 2.67 करोड रुपये है। मौका स्थल पर पेयजल स्त्रोत ढूंढने के लिए एचपीई विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इस संबंध में बीते शुक्रवार को सरपंच प्रतिनिधि बृजेश अहिरवार के साथ ग्राम टौरिया के वरिष्ठ ग्रामीण द्वारिका विश्वकर्मा, लक्ष्मण कुशवाहा, खेमचंद कुशवाहा, हरिनारायण अहिरवार, सुनील अहिरवार एवं रामसेवक अहिरवार के द्वारा कलेक्टर अवधेश शर्मा को इस संबंध में त्वरित कार्यवाही किए जाने पर आभार व्यक्त किया। वहीं ग्राम पंचायत में सरपंच श्रीमती गीता बृजेश अहिरवार के द्वारा किए गए विशेष प्रयासों की सराहना की जा रही है।

विद्याविज्ञान के अंतर्गत सारिका ने किया सैर सूर्य की ओर कार्यक्रम

# चंद्रमा पर कदम रखने के बाद सूरज की ओर बढ़ते भारत के कदम

### सूरज का साक्षात्कार करने भारतीय सूर्ययात्रा आज से

**इटारसी, देशबन्धु।** अगर पृथ्वी की सूर्य की दूरी 100 यूनिट मान ली जाये तो पृथ्वी से 1 यूनिट दूर पहुंच कर सूर्य का साइंस समझने भारत का आदित्य एल -1 कल 2 सितंबर से अपनी यात्रा आरंभ करने जा रहा है। इसरो की इस यात्रा का मुकाम एल-1 पाइंट है जो कि पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है और यह वह स्थान है जहां से बिना किसी व्यवधान के लगातार सूर्य पर नजर रखकर उसका वैज्ञानिक व्यवहार समझा जायेगा।

यह बात नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने विद्याविज्ञान के अंतर्गत आयोजित सैर सूर्य की ओर कार्यक्रम में कही। सारिका ने बताया कि आदित्य एल-1 पृथ्वी का सबसे नजदीकी तारा और हमारे सौरमंडल के मुखिया सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है जो सूर्य और पृथ्वी के बीच एक लैग्रेज बिंदु एल-1 पर पहुंच कर बिना किसी ग्रहण या आकल्टेशन के लगातार सूर्य पर नजर रख कर वैज्ञानिक अध्ययन करेगा। यह अपने सात पेलोड की मदद से सूर्य के फोटोस्फीयर, क्रामोस्फीयर और सबसे बाहरी कोरोना की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और मैग्नेटिक फील्ड डिटेक्टर की मदद से जानकारी जुटायेगा।



सारिका ने बताया कि पृथ्वी के वायुमंडल एवं चुम्बकीय प्रभाव के कारण सूर्य से निकलने वाली अनेक विकिरण पृथ्वी तक पहुंचने के पहले ही रुक जाती हैं, इसलिये पृथ्वी पर यंत्रों से इनका ठीक से अध्ययन नहीं हो पाता है, इसलिये पृथ्वी के वातावरण से दूर 15 लाख किमी दूर स्थित इस एल-1 पाइंट से ये अध्ययन बिना रुकावट करने के लिये इस भारतीय मिशन को भेजा जा रहा है।

पृथ्वी से सूर्य की दूरी लगभग 15 करोड़ किमी है और आदित्य एल-1 अपनी चार माह की यात्रा पूरी करके पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर एल-1 पाइंट पर पहुंचेगा। इसलिये यह कह सकते हैं कि हम दहकते सूर्य की ओर 1 प्रतिशत दूरी पहुंच कर नई वैश्विक वैज्ञानिक उंचाईयों पर होंगे।

सीधी में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में भूमिपूजन-शिलान्यास किया, की घोषणा

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की जाएगी



- सेमरिया बनेगी नगर परिषद, हनुमानगढ़ बनेगी तहसील
- गिजवार में खुलेगा सीएम राईज स्कूल

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश की आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाया जाएगा और सीधी में मेडिकल कॉलेज में खुलेगा, गिजवार में सीएम राईज स्कूल खोला जाएगा, सेमरिया को नगर परिषद, हनुमानगढ़ को तहसील बनाया जाएगा और पटपरा क्षेत्र के 35 गांवों में सिंचाई सुविधा के लिए लिफ्ट एरिगेशन स्कीम लागू की जाएगी। यह घोषणा आज सीधी में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गरीब परिवारों के 31 अगस्त तक जो बिजली के अधिक राशि के बिल आए हैं, उन्हें सरकार भरेगी। इसके लिए 8 हजार करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। जनता के सहयोग से सीधी जिले और प्रदेश का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उन्होंने यहां मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

श्री चौहान ने यहां करोड़ों रुपयों के भूमिपूजन और शिलान्यास किए। उन्होंने ने जिलेवासियों को मेडिकल कालेज, रामपुर नैकिन में सौ बिस्तरीय सिविल हॉस्पिटल के साथ ही 176 करोड़ रुपए के निर्माण और विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 165 करोड़ 74 लाख रुपए के 12 कार्यों का शिलान्यास तथा 10 करोड़ 53 लाख रुपए के 7 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। समारोह में सीधी जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह मंत्री जनजातीय कार्य विभाग, राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह, विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह भी उपस्थित थे।

### जनदर्शन में शिवराज पर बरसे फूल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सीधी आगमन पर सीधीवासियों ने उत्साहवर्धक नारों, ढोलढमाकों और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रसन्नता और उल्लास प्रकट करते हुए उनका स्वागत किया। श्री चौहान ने कलेक्ट्रेट के पास अम्बेडकर चौराहा स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर जनदर्शन यात्रा का शुभारंभ किया। जनदर्शन के दौरान लाड़ली लक्ष्मी बेटियों, लाड़ली बहना सेना, युवाओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों एवं विभिन्न समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-वर्षा तथा माला से स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन चुनाव समिति की बैठक संपन्न

# जन आशीर्वाद यात्रा के रथों को आज रवाना करेंगे वरिष्ठ नेता



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्यप्रदेश में पांच स्थानों से जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली जा रही हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 3 सितंबर को चित्रकूट से पहली जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे। अन्य यात्राओं के शुभारंभ अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जेडी नड्डा भी आएंगे।

इन यात्राओं के रथों को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश सह चुनाव प्रभारी अश्विनी वैष्णव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शनिवार सुबह 11 बजे हरी झंडी दिखाकर प्रदेश कार्यालय भोपाल से रवाना करेंगे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 3 सितम्बर से प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्राओं का शुभारंभ किया जा रहा है। ये यात्राएं 25 सितम्बर तक चलेंगी। इन यात्राओं के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेता जनता से आगामी चुनावों के लिए समर्थन एवं आशीर्वाद मांगेंगे। यात्राओं के लिए विशेष तौर पर तैयार किए गए जन आशीर्वाद रथों का प्रयोग किया जाएगा।

# पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा ने भाजपा छोड़ी



**भोपाल, देशबन्धु।** होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा के बड़े भाई और पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता में आने से रोकना हमारी मंशा है। कांग्रेस से चर्चा हुई थी लेकिन अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि मैं इस पत्र के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ रहा हूं। कृपया तदनुसार प्रदेश कार्यालय और आपके अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों को इस जानकारी भेजे।

नर्मदापुरम में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के आरोप लगाए, कहा कि संगठन में आए नए लोग पुरानों को दरकिनार कर रहे हैं, उनकी कोई पूछ परख नहीं होती, न ही संगठन में उनकी कोई सुनने वाला। इसके साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार, मंहगाई और बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया। श्री शर्मा ने नियुक्तियों में भ्रष्टाचार की बात करते हुए पटवारी भर्ती में घोटाले का जिक्र किया।

कांग्रेस पार्टी में जाने के सवाल पर पूर्व विधायक श्री शर्मा का कहना है कि फिलहाल उनका कांग्रेस में जाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने बताया कि हालांकि कुछ समय पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से उनकी मुलाकात हुई थी। श्री शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने भी उनसे सम्पर्क किया था। श्री शर्मा कौन सी पार्टी में जाएंगे फिलहाल इस बात को लेकर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-

# 'एक देश, एक चुनाव' के लिए राज्यों की अनुमति जरूरी



**नीमच, देशबन्धु।** एक देश एक चुनाव को लेकर चल रही चर्चा के बीच पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि इसके लिए राज्यों की अनुमति जरूरी है। क्योंकि यह संविधान संशोधन का विषय है, यह केवल लोकसभा और राज्यसभा में पास होना पर्याप्त नहीं, इसमें राज्यों की अनुमति भी आवश्यक होगी।

### कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जल्द

उन्होंने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जल्द ही जारी होगी परंतु फिर भी जिसे हमको इशारा करना है, हमने इशारा कर दिया है। कमलनाथ ने राज्य सरकार द्वारा 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने के ऐलान पर कहा, 500 में सिलेंडर देने की बात मैंने ही की थी। भाजपा ने दो-तीन दिनों के लिए सिलेंडर को 450 रुपए में देने की बात की है। चलिए कम से कम मेरी मांग पर कुछ तो एक्शन लिया। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि आज प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार है या भ्रष्टाचार का गवाह है। ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार की एक व्यवस्था बनी हुई है। मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार प्रदेश बनाया गया। प्रदेश की छवि देशभर में धूमिल हो रही है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार होने के कारण प्रदेश में निवेश नहीं आ पाया और भयंकर बेरोजगारी व्याप्त है। राज्य सरकार की लाडली बहन योजना को लेकर कमलनाथ ने कहा कि आज शिवराज सिंह चौहान को 18 वर्षों के बाद बहनें याद आने लगी, किसान याद आने लगे, कर्मचारी याद आने लगे, संविदा कर्मचारी अतिथि शिक्षक आदि सब की याद आने लगी।

जनसंपर्क मंत्री ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा, कहा-

# विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाये



**भोपाल, देशबन्धु।** जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में आज जनसंपर्क विभाग की समीक्षा की।

मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाये। बैठक में आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह नेविभागीय प्रचार-प्रसार गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। विधायक के.पी. त्रिपाठी, संचालक जनसंपर्क आशुतोष प्रताप सिंह एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरजेवाला-भंवर भोपाल आए, 3 दिन तक चलेंगी मैराथन बैठकें

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और विधानसभा चुनाव के लिए बनाई स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेन्द्र सिंह भोपाल आ गए हैं। वह शनिवार से 3 दिनों तक प्रत्याशियों के चयन और अन्य चुनावी तैयारियों को लेकर मैराथन बैठकें लेंगे। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेता भी हिस्सा लेंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में यह बैठकें रखी गई हैं। शनिवार सुबह 10 बजे से पहली बैठक पार्टी के जिलाध्यक्षों की होगी। इसके अलावा सुबह 11 बजे से प्रदेश कांग्रेस के दूसरे कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद श्री सुरजेवाला और श्री सिंह पार्टी के अलग-अलग प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य अजय सिंह टल्लू और सांसद सत्यगिरी उल्का भी मौजूद रहेंगे। श्री सुरजेवाला और श्री सिंह की मौजूदगी में 3 दिनों की मैराथन बैठकों के बाद वह दिल्ली लौट जाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इसके बाद जल्द ही कांग्रेस प्रत्याशियों के कुछ नामों की घोषणा की जा सकती है।



*प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला शुक्रवार शाम भोपाल पहुंचे। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह सहित अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया।*

## सार-समाचार

### दोहरे हत्याकांड में पूर्व सांसद को उम्रकैद

**पटना, एजेंसी।** प्रभुनाथ सिंह राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद हैं। 1995 में दो लोगों को पोलिंग बूथ के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने सजा सुनाई है। प्रभुनाथ सिंह राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद हैं। 1995 में दो लोगों को पोलिंग बूथ के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने सजा सुनाई है। राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने साल 1995 के मशरख डबल मर्डर केस में उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए और घायल के परिवार को 5 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश भी दिया है।

### अक्तूबर में संसद-20 की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी-20 भारत के विशेष सचिव मुक्तेश परदेशी ने बताया कि संसद-20 की बैठक 12 से 14 अक्तूबर तक होगी और जी-20 देशों के पीठासीन अधिकारी तथा आमंत्रित देश विचार-विमर्श में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह सभी जी-20 देशों और आमंत्रित देशों के संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों से संबंधित एक बैठक है। उन्होंने यह भी कहा कि नए संसद भवन में 12 से 14 अक्टूबर के बीच ऐसा होगा। उन्होंने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी के रूप में दिखाना एक प्रमुख नैरेटिव है। इसलिए, जब संसदों के प्रमुख दिल्ली आएंगे तो हमारे विचार-विमर्श के माध्यम से उस महत्वपूर्ण संदेश की फिर से पुष्टि की जाएगी।

### डीएसपी समेत 7 पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज

**पणजी, एजेंसी।** असम पुलिस के एक उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो उप-निरीक्षकों (एसआई) सहित सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ पैसे मांगने के आरोपों के बाद आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए सीआईडी पुलिस थाने लाया गया, जहां मामला दर्ज किया गया। डीजीपी जीपी सिंह ने अपने ट्वीट में लिखा कि पुलिस मुख्यालय को शिकायत मिली थी कि बजाली जिले के कुछ अधिकारियों ने अगस्त के पहले सप्ताह में पैसे मांगे थे। उन्होंने कहा कि बाद में सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय को जाल बिछाने का निर्देश दिया गया लेकिन वे सफल नहीं हो सके, क्योंकि अधिकारी सावधान थे। उन्होंने कहा िहालांकि, शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई। इसके आधार पर 31 अगस्त को असम सीआईडी में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

### जेडीएस सांसद प्रज्वल की लोकसभा सदस्यता रद्द

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने जेडीए सांसद प्रज्वल रेवन्ना की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी है। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में इलेक्शन कमीशन को हलफनामे में गलत जानकारी दी थी। उन्होंने अपनी 24 करोड़ से अधिक की इनकम छिपाई थी। प्रज्वल जेडीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा के पोते हैं। प्रज्वल साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जीतने वाले पार्टी के एकमात्र सांसद थे। उनकी सांसदी रद्द होने के बाद अब लोकसभा में पार्टी के पास कोई सदस्य नहीं है। लोकसभा चुनाव में प्रज्वल ने बीजेपी उम्मीदवार अरकलागुड्डु मंजू को हासन सीट से हराकर जीत हासिल की थी। नतीजे आने के बाद मंजू ने 26 जून 2019 को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

प्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने किए व्यापक इंतजाम

# जी-20 की फुल ड्रेस रिहर्सल के चलते कई रास्ते बंद

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी दिल्ली में सितंबर महीने में जी-20 समिट होना है। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। दिल्ली सरकार की तरफ से जी-20 समिट की वजह से 8, 9 और 10 सितम्बर को छुट्टी का ऐलान किया गया है। वहीं इससे पहले 2 और 3 सितम्बर को जी-20 समिट को लेकर शनिवार व रविवार को दिल्ली में वीआईपी अतिथियों के काफिले की गाड़ियों के साथ फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। सबसे बड़ी चुनौती डेलिगेट्स की सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट से जुड़ी है। इसके लिए दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने भी व्यापक इंतजाम किए हैं।

### कई रास्ते रहेंगे डायवर्ट

इस दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट के ठीक वैसे ही इंतजाम किए जाएंगे, जैसे जी-20 समिट के दौरान 8 से 10 सितंबर के बीच वीआईपी मूवमेंट के वक्त किए जाएंगे। ऐसे में दिल्लीवालों का यह वीकेंड मुश्किलों भरा साबित हो सकता है, क्योंकि रिहर्सल के चलते नई दिल्ली के कई प्रमुख रास्तों पर ट्रैफिक की आवाजाही रोकी जाएगी। इसके अलावा डीटीसी और क्लस्टर बसों के रूट भी डायवर्ट किए जाएंगे। साउथ दिल्ली के भी कुछ रास्तों पर असर पड़ेगा। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी कर लोगों से अपील की है कि रिहर्सल के मद्देनजर असुविधा से बचने के लिए वे मेट्रो का इस्तेमाल करें और जिन रास्तों पर जिस समय रिहर्सल होगी, उस समय सीमा के दौरान उन रास्तों से बचकर निकलें। रिहर्सल के दौरान डीटीसी और क्लस्टर बस सेवा बड़े पैमाने पर प्रभावित होंगी। सिटी बसें नई दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। जरूरत के अनुसार बसों को अलग-अलग रास्तों पर रोका या डायवर्ट किया जा सकता है। बसों के रूट भी छोटे किया जाएंगे, जिसके चलते लोगों को दिक्कत हो सकती है।

### एयरपोर्ट जाने के लिए

लोग अपने निजी वाहनों के अलावा ऑटो-टैक्सी से भी एयरपोर्ट आ-जा सकेंगे। डायवर्जन के चलते सड़क मार्ग से जाने के दौरान कुछ जगहों पर ट्रैफिक कंजेशन मिल सकता है। ऐसे में एडवांस प्लानिंग करके और एक्स्ट्रा टाइम लेकर चलना पड़ेगा। सबसे आसान तरीका यह है कि नई दिल्ली से एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो लाइन के जरिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचें।

### यह रास्ते किए जाएंगे बंद

सरदार पटेल मार्ग, पंचशील मार्ग, कौटिल्य मार्ग, 11 मूर्ति, तीन मूर्ति, गोल मेथी, सी-हेक्सागन इंडिया गेट, मथुरा रोड, भैरों रोड-रिंग रोड, डॉ.जाकिर हुसैन मार्ग, सुब्रह्मण्यम भारती मार्ग, मानसिंह रोड गोल चक्कर, बिग्रेडियर होशियार सिंह मार्ग गोल चक्कर, यशवंत प्लेस गोल चक्कर, सत्य मार्ग-शांति पथ गोल चक्कर, मोती लाल नेहरू मार्ग गोल चक्कर, जनपथ-कर्तव्य पथ क्रॉसिंग, विंडसर प्लेस गोल चक्कर, क्लैरिजेस होटल गोल चक्कर, विवेकानंद मार्ग, मोती बाग फ्लाईओवर के नीचे, लोधी रोड फ्लाईओवर के नीचे, चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के नीचे, प्रेस एनक्लेव रोड-लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, चिराग दिल्ली, जोसेफ टीटो मार्ग-सीरी फोर्ट रोड और शेरशाह रोड।

मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

# इस वर्ष में 6.7 प्रतिशत जीडीपी रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की जीडीपी ने सारे ग्लोबल इकोनॉमिक एक्सपर्ट्स के अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए अप्रैल-जून में 4 तिमाहियों की सबसे तेज ग्रोथ दर्ज की है। इसके बाद इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मजबूत आर्थिक गति के चलते 2023 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर शुक्रवार को 6.7 प्रतिशत कर दिया। मूडीज ने अपने 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' में कहा कि मजबूत सेवाओं के विस्तार तथा पूंजीगत व्यय ने भारत की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को प्रेरित किया. इसलिए हमने भारत के लिए अपने 2023 कैलेंडर वर्ष के वृद्धि का अनुमान 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि दूसरी तिमाही का बेहतर प्रदर्शन 2023 में उच्च आधार प्रदान करता है। हमने अपना 2024 का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है.'' वहीं, इससे पहले मूडीज ने स्टेबल आउटलुक के साथ भारत की साख को बीएए-3 रेटिंग पर बरकरार रखा था। इस रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि घरेलू मांग के दम पर भारत की आर्थिक वृद्धि दर अगले 2 साल तक जी-20 देशों की अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले ऊंचे स्तर पर बनी रहेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने गत दिनों जीडीपी के आंकड़े जारी किए थे जिसमें 2023-24 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में विकास दर 7.8 फीसदी रही है। खास बात है कि यह 4 तिमाहियों में सबसे ज्यादा रही है। इससे पहले ज्यादातर अर्थशास्त्रियों ने जीडीपी ग्रोथ रेट 7.7 फीसदी तक रहने का अनुमान लगाया था, लेकिन वास्तविक आंकड़ा इस अनुमान से बेहतर रहा। महंगाई के बीच आर्थिक विकास की इस बेहतर दर के पीछे उपभोक्ता खपत रही, जिससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जबरदस्त सपोर्ट मिला. अप्रैल-जून तिमाही में निर्माण क्षेत्र की ग्रोथ रेट 7.9 फीसदी रही. इसी तरह, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ 4.7 फीसदी रही, जो जनवरी-मार्च तिमाही में 4.5 फीसदी और पिछले साल अप्रैल-जून में 6.1 फीसदी थी।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री को तीसरी बार समन भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमीन हड़पने से संबंधित धन शोधन निवारण मामले की जांच में शामिल होने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नया समन भेजा है। अब, उन्हें ईडी ने 9 सितंबर को बुलाया है। ईडी ने मुख्यमंत्री को यह तीसरा समन भेजा है। पिछली बार अवैध खनन मामले में सीएम सोरेन से उनकी पत्नी के साथ ईडी के रांची स्थित दफ्तर में करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी। मौजूदा मामले में ईडी ने एक आईएएस अधिकारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। 8 जुलाई को मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के आवास पर छापेमारी की गई थी। ईडी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बैंक खाते से जुड़ा एक चेकबुक मिला है। इसके बाद उनका नाम इस केस से जुड़ा। इसके बाद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। एजेंसी ने इनके पास से बड़ी संख्या में फर्जी डीड जब्त किए हैं।

जलवायु परिवर्तन के नए अध्ययन से हुआ खुलासा

# तेजी से पिघल रहा कश्मीर व लद्दाख में बंटा मचोई ग्लेशियर

• सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** एक नए शोध में यह बात सामने आई है कि कश्मीर और लद्दाख में बंटे मचोई ग्लेशियर ने 1972 के बाद से अपना 29 फीसदी क्षेत्र खो दिया है। कश्मीर विश्वविद्यालय के भू-सूचना विज्ञान विभाग द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि उपग्रह डेटा 1972 से 2019 तक मचोई ग्लेशियर के क्षेत्र में 29 प्रतिशत नुकसान दिखाता है।

एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित पत्रिका साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट में कुछ दिन पहले '1972 और 2019 के बीच रिमोट सेंसिंग विधियों और क्षेत्र अवलोकनों का उपयोग करके कश्मीर हिमालय के मचोई ग्लेशियर का पीछे हटना शीर्षक से, 2021 का अध्ययन में प्रकाशित हुआ है। जबकि जलवायु परिवर्तन के नए अध्ययन से पता चलता है कि कश्मीर और लद्दाख में बंटे मचोई ग्लेशियर में 29 प्रतिशत की कमी आई है। विशेषज्ञों का कहना था कि जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर हिमालयी चाप के अन्य भागों की तुलना में उच्च दर से पीछे हट रहे हैं। इस अध्ययन ने 1972 से 2019 तक कश्मीर और जंस्कार की ग्रेटर हिमालय पर्वत श्रृंखला के बीच फैले मचोई ग्लेशियर के क्षेत्र परिवर्तन, फ्रंटल रिट्रीट और जियोडेटिक द्रव्यमान संतुलन का आकलन किया। मचोई ग्लेशियर पूर्वोत्तर हिमालयी क्षेत्र में लद्दाख के उत्तर-पूर्व की ओर द्रास क्षेत्र में स्थित है। ग्लेशियर समुद्र तल से 3762 मीटर और समुद्र तल से 5050 मीटर की ऊंचाई के बीच स्थित है और समुद्र तल से इसकी औसत ऊंचाई 4800 मीटर है। मचोई नाम दो कश्मीरी शब्दों से लिया गया है (मेच का अर्थ है उड़ना/गंदगी और होई का अर्थ कटोरा)। मचोई चोटी (समुद्र तल से 5458 मीटर ऊपर), एक पिरामिड के आकार का शिखर, ग्लेशियर के संचय क्षेत्र को चिह्नित करता है। निष्कर्ष बताते हैं कि मचोई ग्लेशियर ने अपने क्षेत्र का 29 प्रतिशत खो दिया है जो चिंताजनक पहलू है और यह प्रति वर्ष औसतन 0.61 प्रतिशत की दर से अपना क्षेत्र खो रहा है। जियोइन्फार्मेटिक्स विभाग के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डा.इरफान राशिद ने कुछ दिन पहले पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि अनुसंधान उपग्रह रिमोट सेंसिंग और फील्ड स्टडीज का एक संयोजन है। वे कहते थे कि ग्लेशियर मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन और कम वर्षा के कारण पिघलते हैं। मचोई ग्लेशियर काफी हद तक कश्मीर की वृहद हिमालय श्रृंखला में पड़ता है। हमने यह पता लगाने की कोशिश की कि क्या यह ग्लेशियर कोलाहोई की तरह उसी दर से पीछे हट रहा है। राशिद ने कहा कि द्रास नदी जहां से निकलती है, वहां से निकलने वाली धाराओं में से एक ग्लेशियर है। जो लोग नीचे की ओर रहते हैं वे इस ग्लेशियर से पोषित होते हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है। यदि यह ग्लेशियर खतरनाक दर से पिघलता है, तो धारा का प्रवाह प्रभावित होगा। जो लोग जलधारा पर निर्भर हैं, उन्हें भारी नुकसान होगा।

**प्रति वर्ष औसतन 0.61 प्रतिशत की दर से खो हा अपना क्षेत्र**

जलवायु परिवर्तन के अलावा, मचोई ग्लेशियर श्रीनगर-करगिल राजमार्ग के साथ निकटता साझा करता है और सीधे आटोमोबाइल उत्सर्जन का खामियाजा भुगतता है। हाईवे से इसकी दूरी 500 मीटर से ज्यादा नहीं होगी। आटोमोबाइल उत्सर्जन सीधे मचोई की सतह पर पड़ता है। नतीजतन, पिछले कुछ अरसे के लिए ग्लेशियर की परावर्तकता कम हो गई है। उन्होंने कहा कि स्वत: उत्सर्जन से कालिख निकलती है जो कि बिना जला हुआ कार्बन होता है, जो काला होता है और बर्फ पर गिरता है। यह अंतत: बर्फ को अधिक गर्मी में फंसाने और इस तरह अधिक पिघलने की ओर ले जाता है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।